




# शहर में टैफिक के लिए नासूर बने ई-रिक्शा की अब गिनती, फिर बनेगा प्लान

ई-रिक्शा का उचित प्रबंधन नहीं होने से ट्रैफिक मैनेजमेंट करने में हो रही परेशानी

ई-रिक्शा के प्रबंधन को लेकर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में होगा निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रैफिक के लिए नासूर बन चुके ई-रिक्शा पुलिस कमिश्नरेट के अंदर कितने की संख्या में चल रहे हैं, इसका वास्तविक आंकड़ा ट्रैफिक पुलिस के पास भी नहीं है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार से ई-रिक्शा का पंजीयन करना शुरू किया है। ट्रैफिक पुलिस ने आगामी पांज जून तक ई-रिक्शा का पंजीयन करने का ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मालिकों के साथ चालकों की जानकारी

ट्रैफिक पुलिस यह भी पता लगाना चाहती है कि शहर के अंदर जितने ई-रिक्शा चल रहे हैं, उन ई-रिक्शा के कितने मालिक हैं, इसके साथ ही कितने ड्राइवर हैं जो ई-रिक्शा किराए पर लेकर चला रहे हैं। ई-रिक्शा के मालिक अपने ई-रिक्शा का पंजीयन मोबाइल से ऑनलाइन करने के साथ अपने संबंधित थाना में जाकर करा सकते हैं। थाना के साइबर डेस्क में ई-रिक्शा का पंजीयन करने अलग से डेस्क बनाए गए हैं।





### शहर में ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण ई-रिक्शा

शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण बेतरतीब तरीके से दौड़ रहे ई-रिक्शा हैं। इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है, घड़ी चौक से लेकर शास्त्री चौक के बीच किसी तरह के ऑटो, ई-रिक्शा की आवाजाही पर रोक लगाने से ट्रैफिक स्मूथ हो गया है। कुछ इसी तरह से शहर के प्रमुख मार्गों में ई-रिक्शा का नियंत्रण करने से लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।

---

## खबर संक्षेप

### सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा के लिए 22 केंद्र

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 24 मई रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। परिक्षा की प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संचालित होगी। इसमें कुल 8 हजार 449 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण सुबह 07 बजे एवं 12 बजे जिला कोषालय, कलेक्टर परिसर रायपुर से किया जाएगा। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टरउपेन्द्र किण्डो को सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने जिम जाने के लिए निकली महिला डॉक्टर के साथ चेन स्नैचिंग करने वाले को पकड़ा है। बैरन बाजार निवासी डॉ. कृतिका यदु की शिकायत पर पुलिस ने गोल बाजार निवासी रेहान साहू को गिरफ्तार किया है। महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को शाम छह बजे अपने घर से जिम जाने निकली थी।

---

एक लाख से अधिक लोग रोजाना होते हैं परेशान, तीन साल में ब्रिज हुआ तैयार

# दशकों की प्रतीक्षा समाप्त, मुख्यमंत्री साय देंगे कल कचना ब्रिज की सौगात

हरिभूमि ने ही सबसे पहले ब्रिज की जरूरत का उठाया था मुद्दा, उसके बाद मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि मुद्दा

खम्हारडीह और कचना के बीच ओवरब्रिज का निर्माण पूरा हो गया है। दोनों तरफ पेंटिंग भी हो गई है। दोनों तरफ सर्विस रोड भी तैयार की जा रही है। ब्रिज पर लाइटिंग का काम शेष है। लेकिन जनता की दिक्कत को समझते हुए सरकार ने ब्रिज का उद्‌घाटन करने का फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार 22 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा और अनुज शर्मा मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि करीब आठ साल पहले हरिभूमि ने सबसे पहले लोगों की दिक्कतों को समझा। उससे पहले शंकर नगर और अशोका रत्न के बीच ब्रिज पूरा हो चुका था और कचना रेलवे क्रासिंग पर जाम लगता था। कचना में दर्जनों नई कालोनियां विकसित हो चुकी थीं और लोग खम्हारडीह के रास्ते शहर में प्रवेश करते थे। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद सर्वे शुरू हुआ और बजट का आवंटन। ब्रिज का कार्य तीन साल पहले 2023 में प्रारंभ ▶▶|शेष पेज 13 पर











### 49 करोड़ की लागत, 800 मीटर लंबा

*800 मीटर ब्रिज को बनाने में लगभग 49 करोड़ रुपए की लागत आई है। खम्हारडीह-कचना रेलवे क्रॉसिंग में अब तक फाटक बंद होने के कारण फाटक के दोनों तरफ जाम लग जाता है। इस वाल्टेयर लाइन से हर 15 मिनट में ट्रेन गुजरती है, जिसके कारण फाटक बंद किया जाता है। फाटक बंद होने के कारण खम्हारडीह से कचना और कचना से खम्हारडीह आने वाले वाहन सवार लोगों को हर दिन यहां ट्रेन गुजरने तक रुकना पड़ता था, जिससे लोगों का समय भी बर्बाद होता था, लेकिन ओवरब्रिज बनने के बाद अब लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वे आसानी से ओवरब्रिज से आवागमन कर सकेंगे।*

### इन इलाकों को राहत

*खम्हारडीह-कचना इलाके में समय के साथ कई छोटी-बड़ी कालोनियों बस चुकी हैं, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को ओवरब्रिज बनने से बड़ी राहत मिलेगी। इस क्षेत्र में वीआईपी स्टेट, गोल्डन होम्स, अशोका रतन, कचना हाउसिंग बोर्ड, बाराडेरा, जोरा, चंडीनगर, पार्वती नगर और भावना नगर जैसे कई इलाके हैं, जिनकी बड़ी आबादी इसी फाटक पर रोज फंसती रही है, लेकिन ब्रिज के खुलने के बाद इससे मुक्ति मिलेगी।*

---

# जेंडर की स्पेलिंग भी सही नहीं लिख सका रविवि सोशल मीडिया में ट्रोल



- विश्वविद्यालय ने एक दिन पहले ही जारी की है संशोधित समय-सारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शब्दों की स्पेलिंग गलत होने पर छात्रों के अंक काटने वाला पं.रविशंकर शुक्ल विवि खुद ही स्पेलिंग सही तरीके से नहीं लिख सका है। इसके बाद अब छात्र समय-सारिणी का स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर रविवि को ट्रोल कर रहे हैं। मामला एमए वीमन एंड जेंडर स्टडीज का है। समय-सारिणी इंग्लिश में जारी की गई है। जेंडर में अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर जी के स्थान पर जे का इस्तेमाल किया गया है। रविवि के अनुसार, 23 जून को इसकी परीक्षा आयोजित होगी। गौरतलब है कि रविवि ने एक दिन पहले ही संशोधित समय-सारिणी जारी की है। पुराने समय-सारिणी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पाठ्यक्रम का पहला बैच

मजेदार बात यह है कि रविवि ने एमए इन वीमन एंड जेंडर स्टडीज पाठ्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही की है। अर्थात यह इस पाठ्यक्रम का प्रथम बैच है। रविवि के महिला अध्ययन केंद्र में दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) एमए इन वीमन एंड जेंडर स्टडीज पाठ्यक्रम जुलाई 2025 से शुरू कर किया गया था। ये कोर्स विशेष रूप से महिलाओं और जेंडर से जुड़े मुद्दों के सैद्धांतिक अध्ययन, फील्ड वर्क और शोध को ▶▶|शेष पेज 13 पर

---

कोल घोटाला में पांचवा पूरक चालान पेश

# एसीबी, ईओडब्लू ने नारायण के खिलाफ कोर्ट में पेश किया चालान

## सूर्यकांत के कहने पर साहू, रजनीकांत के पास वसूली की पहुंचाता था रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाला के आरोप में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी के ड्राइवर नारायण साहू के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने बुधवार को कोर्ट में करीब एक हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। नारायण के खिलाफ जांच एजेंसी ने विशेष न्यायालय में चालान पेश किया है। नारायण पर आरोप है कि उसने साढ़े सात करोड़ रुपए, घोटाला से जुड़े लोगों के बीच रकम पहुंचाने का काम किया है। कोर्ट में पेश चालान में नारायण साहू के बारे में उल्लेख किया गया है कि वह कोल घोटाला लेवी वसूली सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य था, जो सूर्यकांत तिवारी के निर्देश पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 12 दिन पहले हाईकोर्ट से हुई थी जमानत याचिका खारिज



पौने छह सौ करोड़ रुपए के कोल घोटाला में लंबे अरसे से फरार नारायण साहू को ईओडब्लू, एसीबी ने करीब ढाई माह पूर्व गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से नारायण जेल में बंद है। रायपुर की विशेष अदालत में जमानत याचिका खारिज होने के बाद नारायण ने हाईकोर्ट में जमानत आवेदन प्रस्तुत किया था। हाईकोर्ट ने 12 दिन पूर्व नारायण साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले में सभी पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने माना कि नारायण साहू सिर्फ ड्राइवर नहीं, बल्कि पूरे वसूली नेटवर्क का एक्टिव मेंबर था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में टिप्पणी करते हुए उल्लेख किया कि जांच एजेंसियों के पास नारायण साहू के खिलाफ गंभीर और ठोस सबूत हैं। कोर्ट के अनुसार, नारायण साहू सूर्यकांत तिवारी का भरोसेमंद व्यक्ति था और कथित अवैध वसूली तंत्र में अहम भूमिका निभा रहा था।

---

## 4 बड़े नालों की चौड़ाई बढ़ाने 40 करोड़ का प्रस्ताव एक साल से मंजूरी लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बारिश के सीजन में जलभराव की समस्या दूर करने निगम ने भेजा था प्रस्ताव

रायपुर शहर के 4 बड़े नालों से जलभराव की समस्या दूर करने और नालों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए भेजे गए प्रस्ताव को एक साल बीतने के बाद भी मंजूरी नहीं मिल पाई है। योजना शाखा ने इसके लिए 40 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है, पर शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित होने से नालों की चौड़ाई का काम अटका पड़ा है। इससे बारिश के समय शहर के बड़े नालों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के रहवासी इलाकों में जल भराव का कारण बनते देर नहीं लगेगी। इधर शहर के बड़े नालों की सफाई का दूसरा चरण भी अब तक शुरू नहीं हो पाया है। दरअसल, तेलीबांधा से कचना फाटक एरिया तक 2 किलोमीटर लंबा और बड़े नाला को 12 फीट चौड़ा करने सर्वे कर योजना ▶▶|शेष पेज 13 पर

---

# केरल के बाद धीमी होगी चाल, छत्तीसगढ़ में तय समय पर पहुंचेगा मानसून, अभी ग्रीष्मलहर के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सामान्यत: 13 जून को जगदलपुर से होती है एंट्री, इस बार भी बनेंगे हालात

माह के अंतिम सप्ताह में केरल तक आने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून की गति धीमी होने के आसार हैं। इसके बाद यह छत्तीसगढ़ में अपनी सामान्य तिथि 13 जून के आसपास ही दस्तक देगा। अभी प्रदेश में ग्रीष्मलहर के हालात बने हुए हैं और बिलासपुर चपेट में आ चुका है। गुरुवार से रायपुर में भी इस तरह के हालात बनने की संभावना है।

लक्षद्वीप के ऊपर छाए घने बादलों को देखकर यह अनुमान लगाया जा ▶▶|शेष पेज 13 पर




### उत्तर-पश्चिम की गर्म हवा

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अभी उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवा का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम विहार और उसके आसपास, एक द्रोणिका उत्तर उत्तरप्रदेश के मध्य भाग से उत्तर तेलंगाना तक विस्तारित है।

### नवतपा के पहले जमकर तपेगा

ज्योतिष मान्यता के मुताबिक 25 मई से 2 जून तक नवतपा अपना असर दिखाएगा। अभी की स्थिति को देखते हुए मौसम विशेषज्ञ मान रहे हैं कि गर्मी अभी काफी दिनों तक लोगों को प्रभावित करेगी। अगले पांच दिनों तक इसका प्रभाव रहने की उम्मीद है। इसके बाद बादल-बारिश की गतिविधि बन सकती है। रायपुर का अधिकतम तापमान भी आने वाले दिनों में एक से दो डिग्री तक बढ़ सकता है।

---

## पृथक बजट नहीं, उपलब्ध साधनों के आधार पर करनी हागी व्यवस्था

# सरकारी स्कूल के विद्यार्थी गर्मी में सीखेंगे चित्रकारी, गायन सहित नृत्य व लेखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में अब समर कैंप आयोजित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए हैं। सभी कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि 20 अप्रैल से 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी प्रतिभा का विकास किया जा सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों में पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैंप आयोजित किया जाए।

समर कैंप के आयोजन के लिए सुझाव देते हुए कहा गया है कि छात्र-छात्राओं के लिए समर कैंप स्कूलों में अथवा गांव-शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है।इसके अलावा समर कैंप में कला क्षेत्र अथवा रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन-प्रशिक्षण दिलाने की बात कही गई है। ग्राम शहर से निकट विभिन्न बड़े संस्थानों (औद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज आदि) के भ्रमण संबंधित सुझाव भी दिए गए हैं।

### पालकों से लेंगे सहयोग

आदेश में कहा गया है कि समर कैंप में स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के पालकों का भी सहयोग लिया जा सकता है। समर कैंप में चित्रकारी, गायन,वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने सुझाव दिए गए हैं। अपने गांव अथवा शहर का ऐतिहासिक परिचय जैसी गतिविधियां भी छात्रों से कराई जाएंगे। इन गतिविधियों के अलावा जिला शिक्षा कार्याजय अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं।



### स्वैच्छिक रहेगा आयोजन

समर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति लेनी होगी। यह आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा तथा समर कैम्प प्रातः 07:30 बजे से 09:30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा, ताकि छात्रों को भीषण गर्मी का सामना ना करना पड़े। जनसहयोग से ही समर कैंप आयोजित होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पृथक से कोई बजट देय नहीं होगा। जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने कहा गया है। गतिविधियों से विभाग को अवगत भी कराने कहा गया है।



## खबर संक्षेप



### प्रगणकों को जनगणना का समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को जनगणना कार्य के तहत विभिन्न जोन में कार्यरत प्रगणकों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि तय समय-सीमा में जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 15 मिनट में बना राशन कार्ड



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 6 अंतर्गत मठपुरैना सामुदायिक भवन में लगे सुशासन शिविर में एक महिला का 15 मिनट में राशन कार्ड बन गया। चंद्रशेखर वार्ड निवासी नेहा पटेल पिछले कई हफ्तों से नया राशन कार्ड बनाने के लिए जोन दफ्तर के चक्कर काट रही थी। शिविर में उसने आवेदन दिया। इस आवेदन पर नेहा को शिविर में मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने 15 मिनट के अंदर राशन कार्ड बनाकर दिया। इसी प्रकार शिविर में अन्य 18 लोगों को भी मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिए गए।

### सिविल सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा 24 को

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को होगी। यह परीक्षा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। इसमें कुल 8 हजार 449 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रायपुर उपेन्द्र किण्डो को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया है।

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि आम जनता के साथ अन्याय : जनता कांग्रेस

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राज्य एवं केंद्र सरकार तत्काल समन्वय बनाकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने और आम जनता को महंगाई की मार से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों पर श्री नायक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे आम जनता के साथ सीधा अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि का सीधा असर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों पर पड़ता है। ईंधन की कीमत बढ़ने से केवल वाहन चलाना ही महंगा नहीं होता, बल्कि इसका प्रभाव रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं, खाद्य सामग्री, सब्जियों, दवाइयों तथा परिवहन सेवाओं पर भी पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम जनता का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में जनता पहले से ही बेरोजगारी, आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई से जूझ रही है। ऐसे समय में पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि करना जनविरोधी निर्णय है।



---

**निर्माणाधीन नए 'लोकभवन' के कार्यों को भी देखा, काम में तेजी लाने कहा**

# विधानसभा को 'पेपरलेस' करने के कार्यों में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन लोकभवन (राजभवन) के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर ले-आउट और फ्लोर-प्लान जाना। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा को 'पेपरलेस' बनाने के लिए तकनीकी कार्यों और व्यवस्थाओं में तेजी लाने लोक निर्माण विभाग और चिप्स को बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने 'लोकभवन' का निर्माण राज्यपाल की गरिमा के अनुरूप उत्कृष्टता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रमों के आयोजन के लिए यहां बन रहे सभा-भवनों और कार्यालयीन कक्षों की बैठक व्यवस्था पहले से ही निर्धारित कर उनके अनुरूप कार्यों को अंजाम देने कहा। उन्होंने भवन के निर्माण कार्य में लगी अलग-अलग एजेंसियों से कार्य प्रगति की जानकारी लेकर यथाशीघ्र सभी कार्य पूर्ण कर इसे लोक निर्माण विभाग को हैंड-ओवर करने को कहा।

### नए विधानसभा में कमियों को मानसून सत्र से पहले पूरा करें



लोक निर्माण विभाग के सचिव ने नए विधानसभा भवन में प्रवेश द्वार, सदन, अधिकारी दीर्घा, लॉबी, डाइनिंग एरिया, मीडिया ब्रीफिंग एरिया, समिति कक्ष, मुख्यमंत्री कार्यालय, विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय, उप मुख्यमंत्रियों तथा मंत्रियों के कार्यालयों, ऑफिसर लाउंज और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के कार्यालयों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यालयीन कक्षों में समुचित फर्नीचर और बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए भवन में वर्तमान व्यवस्था की कमियों और खामियों को आगामी मानसून सत्र के पहले दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### शीतकालीन सत्र तक तकनीकी व्यवस्था पूरी करें

विभागीय सचिव ने विधानसभा को 'पेपरलेस' करने तकनीकी व्यवस्थाओं को तेजी से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और चिप्स के अधिकारियों के साथ इसके लिए जरूरी इंतजामों, उपकरणों, हार्डवेयर्स और सॉफ्टवेयर्स की भी समीक्षा की। उन्होंने बेहतर समन्वय और तेजी से काम करते हुए इस साल के शीतकालीन सत्र तक सभी तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

**एडवांस टेस्ट और कम पैकेज के नाम पर मरीजों से वसूली जा रही अतिरिक्त राशि**

# आयुष्मान में इलाज फ्री पर निजी अस्पतालों में कट रही मरीजों की जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वैसे तो आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में बीपीएल श्रेणी के मरीजों का पांच लाख तक का इलाज निशुल्क है, बावजूद इसके निजी अस्पतालों में मरीजों की जेब एडवांस टेस्ट और कम पैकेज के नाम पर कट रही है। अस्पतालों में थमाए जाने वाले अतिरिक्त बिल की मुख्य वजह आयुष्मान योजना के आठ साल पुराने पैकेज को माना जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के पास पिछले ढाई साल में प्रदेशभर के करीब 30 से ज्यादा अस्पतालों के खिलाफ इस तरह की शिकायत मिली थी। जांच के बाद दर्जनभर अस्पतालों पर नोटिस और जुर्माना की कार्रवाई हुई और शेष को क्लीन चिट दे दिया गया। शिकायत जांच और फिर जुर्माना जैसी कार्रवाई होने के बाद भी अस्पतालों में योजना के हितग्राहियों से अतिरिक्त राशि की वसूली रुकने का नाम नहीं ले रही है। विभागीय स्तर पर बीपीएल और वय वंदना के मरीजों को पांच लाख रुपए तक निशुल्क इलाज का दावा किया जाता है, मगर जमीनी हकीकत इससे दूर है। स्थानीय निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड लेकर पहुंचने वाले गरीब मरीजों को काफी हील-हवाला के बाद इलाज तो मिल रहा है, लेकिन डिस्चार्ज के वक्त उनके हाथों में अतिरिक्त राशि का बिल थमा दिया जा रहा है। इस बिल के कारणों में एडवांस मशीनों से टेस्ट और पैकेज के तुलना में इलाज पर खर्च ज्यादा होने का तर्क होता है। सूत्रों का कहना है कि अतिरिक्त राशि की डिमांड की शिकायत इसलिए भी कम नहीं हो रही है कि अभी भी योजना में बीमारियों के इलाज के लिए तय राशि आठ साल पुरानी है। समय के साथ मेडिकल इक्यूपमेंट के सामान की कीमत काफी बढ़ चुकी है।

### बड़ा मसला, आठ साल पुराना पैकेज




### जरूरत वृहद स्तर पर निगरानी की

स्वास्थ्य सहायता योजना में मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा दिलाने के लिए वृहद स्तर पर निगरानी की आवश्यकता है। आम तौर पर जिला स्तर पर इसके संचालन के लिए एक से दो कर्मचारियों की तैनाती होती है। राजधानी समेत ज्यादा अस्पताल वाले इलाके में निगरानी के साथ शिकायतों के निराकरण के लिए ज्यादा टीम की आवश्यकता है।

### हर शिकायत पर परीक्षण

आयुष्मान से संबंधित आने वाले हर शिकायतों पर सक्षम अधिकारी और चिकित्सकीय टीम द्वारा जांच की जाती है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

### मंथन का हल नहीं

आयुष्मान योजना के पैकेज का पुनर्निर्धारण करने के लिए आईएमए सहित विभिन्न चिकित्सकीय संगठनों द्वारा विभागीय स्तर पर मुलाकात की जा चुकी है। इस आधार पर निर्धारित दर में संशोधन के लिए विचार का दौर भी शुरू किया गया था मगर इस पर बात अब तक नहीं बन पाई है। कुछ चिकित्सकों का यह भी तर्क है कि समय के साथ बीमारियों की सूची में भी फेरबदल की आवश्यकता है जिस पर कोई ध्यान ही नहीं दिया गया है।

---

# खाद वितरण को लेकर सहकारी सोसायटी से लेकर प्राइवेट कृषि केंद्रों पर भी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस बार किसानों को खाद उनके रकबे के अनुसार ही उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विभाग ने इसके लिए पोर्टल तैयार किया है, इसके माध्यम से खरीफ सीजन में किसानों का पूरा डेटा फीड किया गया है। खाद का वितरण सहकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में पॉस मशीन के माध्यम से ही होगा। ऐसे में जिन किसानों ने सहकारी सोसायटी से खाद उठा ली है, उन्हें निजी कृषि केंद्रों से खाद नहीं मिलेगी। बताया गया है कि विभाग इन पर पूरी निगरानी कर रहा है। बताया गया है कि खरीफ सीजन के लिए खाद का वितरण सहकारी समितियों से शुरू किया गया है। किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी दी जा रही है। पहले किसानों को दो-दो बोरी दी जाती थी। सासाइटियों में डीएपी के स्थान पर 20 20 13 अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट दिया जा रहा है, इसे 'कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर' के नाम से जाना जाता है। पश्चिम एशिया संकट के कारण आयातित उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच केन्द्र और राज्य सरकार किसानों को उर्वरक आपूर्ति के आधार पर वितरण कर रही है। ऐसे में किसानों के सामने यह संकट है कि और लगने वाली खाद की व्यवस्था कहां से करें। राज्य शासन ने इस बार पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया है, जो निजी और सहकारी क्षेत्र दोनों जगहों के डाटा पॉस मशीन से दर्ज करता है।

### उर्वरक का वितरण केवल पॉस मशीन के माध्यम से ही होगा



### रेगहा लेने वाले किसानों के सामने संकट

सहकारी सोसाइटी से पंजीकृत किसानों को ही खाद का वितरण किया जाता है। रेगहा लेने वाले किसानों को वहां से खाद नहीं मिलती। अब उन्हें निजी दुकानों से तभी खाद मिलेगी, जब असली किसान के हस्ताक्षर होंगे। वहां पर भी पॉस मशीन के माध्यम से ही वितरण किए जाने के निर्देश शासन ने दिए हैं। गड़बड़ी करने वाले निजी दुकानों का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जा रहा है। रेगहा लेने वाले किसान खाद की व्यवस्था में दिक्कत होने पर इसे छोड़ने पर विचार करने लगे हैं।

### 15.55 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

खरीफ सीजन के लिए छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आबंटित हुआ है। वर्तमान में गोदामों एवं समितियों में लगभग 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। जिसमें यूरिया 2,43,717 मीट्रिक टन, डीएपी 1,05,631 मीट्रिक टन, एनपीके 1,69,109 मीट्रिक टन, एमओपी 50,431 मीट्रिक टन और एसएसपी 1,78,657 मीट्रिक टन खाद का स्टॉक में मौजूद है।

---

# सीएचसी में नसबंदी के सौ ऑपरेशन कर रचा परिवार नियोजन का नया आयाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचास बिस्तर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉ आशीष गुप्ता ने परिवार नियोजन सेवाओं को नई दिशाा दी है। उन्होंने अब तक यहां सौ से ज्यादा ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। एमटीपी और एनएसवीटी के ऑपरेशन के मरीजों को काउंसिलिंग मिल रही हैं और सर्जरी के बाद उन्हें प्रोत्साहन राशि भी मिल रही है।

डा. गुप्ता एनएसवीटी यानी बिना चीरा-टांका वाली पुरुष नसबंदी के विशेषज्ञ हैं। इस प्रक्रिया में सिर्फ 10-15 मिनट लगते हैं, मरीज उसी दिन घर जा सकता है और 48 घंटे में काम पर लौट सकता है। सुरक्षित और गोपनीय तरीके से एमटीपी की सुविधा, सरकारी गाइडलाइन के अनुसार दी जा रही है। ऑपरेशन से पहले हर मरीज और उनके परिवार को पूरी काउंसलिंग दी जाती है ताकि वो सही फैसला ले सकें। डा. गुप्ता ने बताया कि हमारा मकसद सिर्फ ऑपरेशन करना नहीं है, बल्कि लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करना है। एनएसवीटी पुरुषों के लिए सबसे सेफ और आसान तरीका है। 100 ऑपरेशन का आंकड़ा मरीजों के भरोसे का नतीजा है।

■ सर्जरी के पहले काउंसिलिंग, बाद में दे रहे प्रोत्साहन राशि

---

**एचपी कॉर्पोरेट मुख्यालय पंडरी के सामने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया**

# पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि का विरोध कांग्रेस ने किया एचपी मुख्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व कांग्रेसियों ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य कॉर्पोरेट मुख्यालय पंडरी के सामने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

मोदी सरकार ने पिछले पांच दिनों से दो बार में पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि कर प्रत्येक परिवार के अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने का काम किया। पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से हर साधन संसाधन के दाम पूरे देश सहित प्रदेश में बढ़ेंगे। पेट्रोल के दाम बढ़ने से राशन तथा अन्य वस्तुओं की कीमतों पर असर पड़ेगा, जनता और गरीब परिवारों पर बोझ बढ़ेगा।

नरेंद्र मोदी ने चुनाव में पांच राज्यों में लगातार प्रचार किया चुनाव जीत के लिए सभी हथकंडे अपनाए। जनता को कभी भी एहसास होने नहीं दिया कि वो चुनाव के बाद डीजल पेट्रोल गैस के दाम बढ़ायेंगे। चुनाव जैसे ही ख़त्म हुआ डीजल-पेट्रोल, गैस के साथ साथ दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओं में जिसमें दूध, दही, तेल, राशन के साथ साथ हर घरेलू उपयोगी चीज़ों के दाम बढ़ा दिए गए। महंगाई ने लोगों की आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई है।कांग्रेस ने आज प्रदर्शन के दौरान जमकर नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार की नीतियों, वित्तमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री सहित भाजपा के तमाम नेताओं के ख़िलाफ़ नारेबाजी की।



### मोदी ने किया जनता के साथ धोखा- मेनन

कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने नरेंद्र मोदी के इस कदम को जनता के साथ धोखा बताया, क्योंकि वो चुनाव के पहले आम जनता को दुनियाभर की राहत के सपने दिखाते रहे और चुनाव होते ही उन्होंने अपना रंग बदला और दामों में भारी वृद्धि कर दी।

---

## पुलिस की मौजूदगी में सतनामी समाज के व्यक्ति से मारपीट, कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने ग्राम गुढ़गुढ़ा के पूर्व सरपंच बालकुमार कुर्रे के साथ हुई मारपीट एवं सामाजिक उत्पीड़न की घटना को अत्यंत शर्मनाक, अमानवीय एवं चिंताजनक बताते हुए भाजपा सरकार एवं प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बजरंग दल के कार्यकर्ता गोल्डी शर्मा, आरएसएस रायपुर जिला कार्यालय प्रमुख विजय अग्रवाल एवं अभिजीत शर्मा की अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई।



### असामाजिक तत्वों को भाजपा का संरक्षण

कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, सतनामी समाज के लोगों के साथ लगातार हो रही मारपीट और सामाजिक उत्पीड़न की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। भाजपा सरकार के संरक्षण में कुछ असामाजिक तत्व कानून हाथ में लेने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और समाज के सम्मान की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष करेगी।

### दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो: मेनन

कांग्रेस रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, यदि पुलिस की मौजूदगी में भी अनुसूचित जाति समाज के लोगों के साथ मारपीट होती है, तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं आरंग में जुलूस निकालकर सख्त संदेश दिया जाना चाहिए।

**ये थे मौजूद:** इस अवसर पर पूर्व पार्षद सूंदर जोगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आनंद गिलहरे, हीरेन्द्र देवगन, रेखराम पात्रे, दिनेश ठाकुर प्रकाश बंदे, नीतू साहू, मानसिंह गिलहरे, अविनाश निहाल, पूजा जांगड़े, जागेश्वर कुर्रे, अरुण लहरी, आदि उपस्थित रहे।

---

**रेडियोडायग्नोसिस विभाग में संसाधन कम और जांच का दबाव ज्यादा**

# जांच में देर नहीं पर रिपोर्ट के लिए करना पड़ रहा लंबा इंतजार, अटक रहा मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमारी का पता लगाने रेडियोडायग्नोसिस विभाग में जांच कराने मरीजों को कम समय लग रहा है, मगर उसकी रिपोर्ट पाने का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। रिपोर्ट मिलने में लगने वाले समय की वजह से संबंधित मरीजों का इलााज शुरू होने में काफी वक्त लग रहा है। आंबेडकर अस्पताल के इस विभाग में संसाधन तो सीमित हैं, मगर जांच का दबाव ज्यादा है। सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य टेस्ट के बाद रिपोर्ट तैयार करने एनालिसिस में विशेषज्ञों को काफी समय लग रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, मगर उसकी तुलना में यहां संसाधन उपलब्ध कराने की गति काफी धीमी है। इलाज के लिए यहां आने वाले 40 फीसदी मरीजों को बीमारी की पहचान अथवा गंभीरता का पता लगाने के लिए रेडियोडायग्नोसिस विभाग जाना पड़ता है। यहां आवश्यकता के हिसाब से उनके सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी जैसी जांच होती है। भीड़ के बीच विभाग द्वारा बनाए गए सिस्टम के आधार पर मरीजों को अपनी जांच एक से दो दिन की भीतर हो जाती है। असली समस्या इसके बाद रिपोर्ट लेने में आती है, जिसके लिए उन्हें सप्ताहभर से दस दिन तक इंतजार करना पड़ जाता है। रिपोर्ट मिलने में होने वाली देर का असर संबंधित मरीजों के इलाज शुरू होने की अवधि पर पड़ता है। सामान्य मरीजों को तो इससे ज्यादा दिक्कत नहीं होती, मगर इमरजेंसी और गंभीर बीमारी वाले मरीजों को इसके लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। जानकारों का कहना है कि विभाग में जांच सहित अन्य संसाधन सीमित हैं, जबकि जांच और उसकी रिपोर्ट तैयार करने का दबाव काफी अधिक है। मौजूदा कंसलटेंट सहित अन्य विशेषज्ञों द्वारा टेस्ट के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिसमें वक्त लगता है।




सीटी स्कैन, एमआरआई रिपोर्ट तैयार करने एनालिसिस में लग रहा वक्त

### संसाधन वही

अस्पताल में बढ़ते दबाव के बीच जांच की जिम्मेदारी वहीं पुरानी मशीनों पर है। बजट में आंबेडकर अस्पताल को नई सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदी के लिए राशि स्वीकृत है, मगर खरीदी अब तक नहीं की जा सकी है। पुरानी मशीन की जांच क्षमता सीमित है, जबकि जरूरत इसे दोगुना करने की है। इसके लिए विभाग की सभी मशीनों को अपडेट करने की जरूरत है। राज्य शासन द्वारा स्वीकृत बजट से दोनों तथा अन्य मशीनों की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जानी है जो प्रक्रियाधीन है।

### ओपीडी के मरीजों का भी दबाव

रेडियोडायग्नोसिसस विभाग में आंबेडकर अस्पताल के विभिन्न विभाग में भर्ती मरीजों के साथ ओपीडी में आने वाले मरीजों के जांच की जिम्मेदारी भी है। अनुमान के मुताबिक यहां रोजाना चालीस से पचास मरीजों की जांच की जाती है। पहले जांच की सुविधा ओपीडी टाइमिंग तक होती थी जिसे जरूरतों के हिसाब से शाम तक बढ़ा दिया गया है। यहां एपीएल मरीजों के लिए सीटी स्कैन के लिए 1 हजार तथा एमआरआई के लिए 2 हजार रुपए निर्धारित है। वहीं बीपीएल और साठ साल से अधिक उम्र वालों के लिए यह सुविधा निशुल्क है।

### कोशिश जल्द से जल्द

जांच रिपोर्ट मरीजों को जल्द से जल्द प्राप्त हो, इसकी कोशिश की जाती है। सामान्यतः रिपोर्ट एक से दो दिन में मिल जाती है कुछ संवेदनशील और गंभीर मामलों में एनालिसिस में वक्त लगता है। व्यवस्था सुधारने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

- डा. विवेक पात्रे, विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस, आंबेडकर अस्पताल

# ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में दवा की दुकानें रहीं बंद, मरीजों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में तथा डीप डिस्काउंट के कारण नकली दवाओं के बढ़ते संभावित खतरे से आमजन को बचाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया दवा एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ दवा विक्रेता संघ एवं जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा किए गए बंद के आह्वान को पूर्ण समर्थन देते हुए आरंग नगर, ग्रामीण अंचल एवं निजी अस्पतालों में संचालित सभी दवा दुकानें बुधवार 20 मई को पूरे दिन बंद रहीं। सभी दवा विक्रेता बस स्टैंड के पास एकत्र होकर आम जनता को अपनी मांगों से अवगत कराया।

दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष मनोज चंद्राकर, सचिव विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष चंद्राकर एवं सुजीत चंद्राकर ने बताया कि बिना नियमों के चल रही ऑनलाइन दवा बिक्री से मोहल्लों की छोटी दुकानों को नुकसान हो रहा है तथा लोगों की सेहत के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। इसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस पूरे विवाद से जुड़े सरकार के दो नियम जीएसआर 220(इ) एवं जीएसआर 817(इ) हैं। संगठन के अनुसार इन नियमों की कमियों का फायदा उठाकर ऑनलाइन दवा कंपनियां कार्य कर रही हैं, इसलिए इन्हें वापस लिया जाए।

ऑनलाइन दवा बिक्री से मोहल्लों की छोटी दुकानों को हो रहा है नुकसान



संघ का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर गलत अथवा नकली पर्चियों का इस्तेमाल किया जा सकता है, इसलिए ई-फार्मेसी के लिए नए और सख्त नियम बनाए जाएं। साथ ही लोकल दुकानदार ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दिए जा रहे 20 से 50 प्रतिशत तक के डिस्काउंट का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सरकार ने लॉकडाउन में लोगों तक जरूरी दवाइयां पहुंचाने के लिए ई-फार्मा स्टोर्स को कई बड़ी रियायतें दी थीं। सरकार ने ई-फार्मा को आवश्यक सेवा का दर्जा दिया था, जिससे लॉकडाउन में भी उनकी डिलीवरी बिना रोक-टोक जारी रही। इसी के विरोध में ऑल इंडिया दवा विक्रेता संघ के आह्वान पर बुधवार को पूरे देश में दवा दुकानें बंद रहीं। संघ ने सभी लोगों को सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आमजन को हुई असुविधा के लिए खेद जताया।

## नकली दवाइयों की ब्रिकी पर रोक लगाएं




**तिल्दा नेवरा।** बुधवार को तिल्दा नेवरा के सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को दवाइयां लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह बंद केमिस्ट संगठनों के आह्वान पर आन लाइन फार्मेसी और भारी छुट के विरोध में जिला दवा विक्रेता संघ के बैनर तले किया गया। हालांकि, गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए अस्पतालों के भीतर संचालित होने वाली मेडिकल दुकानें और आपातकालीन सेवाएं खुली रही ।
तिल्दा नेवरा मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम लाल तेजवानी ने बताया- देशभर में केमिस्ट संगठनों द्वारा ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट को बंद करने और नकली दवाइयों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण की भी मांग की गई है।उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बिक्री और बड़े कॉरपोरेट डिस्काउंट से छोटे मेडिकल व्यवसायी प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही, नकली दवाइयों पर सख्ती से कार्रवाई कर मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। बंद को चेंबर के द्वरा समर्थन दिया गाया था तिल्दा नेवरा के मेडिकल व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इन मांगों के समर्थन में सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया।

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर पैसे मांगे बदमाश हुआ गिरफ्तार

**तिल्दा नवरा।** तिल्दा नेवरा पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे मांगकर महिला को धमकाने वाले सूचीबद्ध गुंडा बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिला से गाली-गलौज करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के बाद से फरार आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 मई को तुलसी नेवरा निवासी भगवती उर्फ संजय उर्फ पोंगा यादव ने प्रार्थिया मनीषा वर्मा से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर थाना तिल्दा नेवरा में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 ARMS ACT के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज रक्तदान शिविर

**आरंग।** मानवता की सेवा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर 21 मई को आरंग में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर होगा। युवा कांग्रेस रायपुर ग्रामीण जिला द्वारा आयोजित इस 'रक्तदान महादान' कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। युवा कांग्रेस रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित शिविर प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसका आयोजन महामाया पारा, आरंग में किया जा रहा है। युवा कांग्रेस ने इस महादान कार्यक्रम में आरंग के समस्त नगरवासियों, ऊर्जावान युवा साथियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं-सहयोगियों को सादर आमंत्रित किया है।

### सनातन संगठन ने कराया घायल गाय का उपचार

**आरंग।** ग्राम पंचायत उमरिया में सत्य सनातन संगठन द्वारा गौ सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। नेशनल हाईवे-53 पर गंभीर हालत में एक गाय मिलने की सूचना पर संगठन के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार कर पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका इलाज कराया। बाद में गाय को बेहतर उपचार के लिए भेजा गया। संगठन के युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और उनकी सेवा सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। उन्होंने युवाओं से बेसहारा एवं बीमार गायों की सेवा और सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की। संगठन के सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसी घटनाओं में तुरंत सहायता पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष तेजराम निषाद, उपाध्यक्ष निकेश यादव, मीडिया प्रभारी यशवंत भारती, बिरबल, तानेश, रिंकू यादव, चंदू निर्मलकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मंत्री टंकराम वर्मा ने पटवारी को निलंबित करने का दिया निर्देश

# सुशासन तिहार में नेताओं ने अधिकारियों को फटकारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार अब सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा। बल्कि नेताओं की फटकार और अधिकारियों की पेशी का मंच बन गया है। मंत्री और सांसद जनता के सामने अफसरों को चेतावनी दे रहे हैं। निलंबन की बात हो रही है अतिक्रमण हटाने के अल्टीमेटम दिए जा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यही है।

तिल्दा नेवरा से आई इस रिपोर्ट ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। सुशासन तिहार पुरे प्रदेश में चल रहे लेकिन तिल्दा नेवरा के हाई स्कुल परिसर में सोमवार को सपन्न हुए सुशासन तिहार की चर्चा पुरे प्रदेश में है। दरअसल जनता की समस्याओं से ज्यादा नेताओं के तेवर चर्चा में हैं। समाधान शिविर में पहुंचे सांसद और मंत्री ने जिस तरह अधिकारियों को खुले मंच से फटकार लगाई और निलंबन की चेतावनी दी तो सभी अधिकारी सन्न रह गए.लेकिन जनता ने खूब तालियां बजाई। तिल्दा नेवरा में आयोजित सुशासन तिहार में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक व मंत्री टंकराम वर्मा



पहुंचे और स्टॉलों का निरीक्षण किया। मंत्री टंकराम वर्मा ने पटवारी की शिकायत पर पर बिफरे और और फिर मंत्री ने एसडीएम को पटवारी को निलंबित करने का निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार और एसडीएम को भी खुली चेतावनी दी। नेवरा में लंबे समय से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायतें मंत्री के सामने आती रही हैं आरोप है कि कुछ रसूखदार लोग और सत्ता से जुड़े कई बड़े लोग करोड़ों की जमीनों पर कब्जा कर बैठे हैं। यहां तक कि नगर पालिका की जमीन और कचरा शेड तक पर कब्जे के आरोप लग रहे हैं।

#### सांसद ने ली अधिकारियों की क्लास

इस दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर और आसपास की सरकारी जमीनों की पूरी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई करने को कहा सांसद ने शहर में बिक रही अवैध शराब पर भी नाराजगी जाहिर की।

### चंदखुरी सुशासन तिहार में हितग्राहियों को मिले पक्के मकान और बिखरी खुशियां

**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल चंदखुरी में बुधवार को 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत आयोजित 'संवाद से समाधान शिविर' में जनसेवा का एक अनूठा नजारा देखने को मिला। छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस भव्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण करना था। शिविर में उमड़ी भारी भीड़ के बीच मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की एक-एक समस्या को सुना और मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की हीला-हवाला बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनता के आवेदनों पर समय-सीमा के भीतर न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को पुरजोर तरीके से रेखांकित किया।

#### चमचमाती ट्राइसाइकिल

मंच से मुख्य अतिथि द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित पक्के मकानों की चाबियाँ सौंपी गईं, जिन्हें पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसी कड़ी में दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए चमचमाती ट्राईसाइकिल प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत आवश्यक उपकरण, कृषि सामग्रियाँ और जरूरी दस्तावेजी प्रमाण पत्र जैसे आयुष्मान कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र मौके पर ही वितरित किए गए। इस गरिमामय अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, विभिन्न विभागों के आला अधिकारी-कर्मचारी सहित चंदखुरी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नगरवासी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिलेगी राहत : मंत्री खुशवंत गुरु

उन्होंने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर काम करने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार 'जनसेवा प्रथम' के मूल मंत्र और संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सुशासन का असली मतलब तब सिद्ध होता है, जब समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी शासकीय योजनाओं का पूरा और बिना किसी परेशानी के लाभ मिले। यह सुशासन तिहार सिर्फ एक औपचारिक उत्सव नहीं है, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को पूरी तरह से मिटाने का एक सशक्त माध्यम है। अक्सर ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन हमारी सरकार खुद आपके द्वार चलकर आई है, ताकि 'संवाद से समाधान' का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस महाशिविर के दौरान शासन की योजनाओं का सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचता हुआ साफ दिखाई दिया।

## त्रिमूर्ति मानस मंडली ने दिया 86 गांवों में भक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बैहार की त्रिमूर्ति मानस मंडली ने इस वर्ष जनवरी माह से अप्रैल माह तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रामायण मंचों में भाग लेते हुए कांकेर, धमतरी, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग एवं महासमुंद जिलों के विभिन्न गांवों में आयोजित रामायण प्रतियोगिता मंच, रामचरितमानस सम्मेलन एवं अखंड रामायण कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी।

करीब 86 गांवों के आमंत्रण पर मंडली ने श्रीरामचरितमानस के पावन प्रसंगों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए तथा राम भजन, शंकर भजन, हनुमान भजन, मां दुर्गा भजन एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीत काया खंडी भजन के माध्यम से ग्रामीण जनों में भक्ति का संदेश दिया। व्याख्याकार हीरालाल साहू ने रामचरितमानस के पावन प्रसंगों के माध्यम से कहा कि रामचरितमानस समाज का दर्पण है और जीवन जीने की कला सिखाती है। रामचरितमानस के सत्संग से जीवन सदैव सुधरता और संवरता है।

उन्होंने कहा कि रामकथा श्रवण से मनुष्य का अंतःकरण शुद्ध होता है तथा बच्चों, नौजवानों और बुजुर्गों को नशामुक्त जीवन जीने का संदेश मिलता है। भजन गायक विजय निषाद एवं संगीत पक्ष के कलाकारों में ऑर्गन पर दीपक केशरवानी, तबले पर अनूप साहू, नाल पर रिखीराम साहू तथा पैड पर दीपक साहू ने अपनी जुगलबंदी से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कलाकारों के मधुर भजनों एवं संगीत पर श्रोतागण झूम उठे। सभी मानस मंचों पर मंडली की भव्य प्रस्तुति रही, जहां उन्हें प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं रामदरबार की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।

## 15 मिनट में बना राशन कार्ड

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 6 अंतर्गत मठपुरैना सामुदायिक भवन में लगे सुशासन शिविर में एक महिला का 15 मिनट में राशन कार्ड बन गया। चंद्रशेखर वार्ड निवासी नेहा पटेल पिछले कई हफ्तों से नया राशन कार्ड बनाने के लिए जोन दफ्तर के चक्कर काट रही थी। शिविर में उसने आवेदन दिया। इस आवेदन पर नेहा को शिविर में मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने 15 मिनट के अंदर राशन कार्ड बनाकर दिया। इसी प्रकार शिविर में अन्य 18 लोगों को भी मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिए गए।



# रसोइया प्रशिक्षण कार्यक्रम में वीडियो से पोषण आहार दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

■ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 650 रसोइयों ने भाग लिया

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विकासखण्ड अभनपुर के रसोइयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बजरंग दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखण्ड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 650 रसोइयों ने भाग लिया।प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बायो उन्होंने कहा कि मध्यान्ह



भोजन योजना विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से सीधे जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन में रसोइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने फोर्टिफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता एवं उसके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने में सहायक है। रसोइयों से भोजन बनाते समय स्वच्छता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। प्रशिक्षण के दौरान सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार साहू,प्राचार्य श्रीमती जानकी साहू एवं मास्टर ट्रेनर बसंत दीवान, हेमंत साहू, टिकेंद्र साहू, श्रीमती सोमा बनिक , श्रीमती शशिकिरण साहू द्वारा प्रशिक्षण को व्यवहारिक स्वरूप देते हुए रसोइयों को फोर्टीफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता,फोर्टिफाइड चावल को बनाने की सही विधि, रसोईघर की स्वच्छता, गैस एवं अन्य ईंधन के सुरक्षित उपयोग तथा भोजन वितरण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को पीपीटी एवं वीडीयो के माध्यम से समुचित जानकारी दी गई।

### जमकर की नारे बाजी और समस्या का निदान नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# खाद-डीजल संकट पर किसानों का फूटा गुस्सा, मंत्री के कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ ट्रैक्टर-हार्वेस्टर के लिए डिब्बे में डीजल देने पर लगी रोक से बढ़ी परेशानी

खेती-किसानी के ऐन वक्त पर खाद और डीजल की भारी किल्लत से नाराज आरंग क्षेत्र के किसानों का आक्रोश बुधवार को खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में किसानों ने एकजुट होकर न केवल उग्र प्रदर्शन किया, बल्कि क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री के कार्यालय का घेराव कर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद किसान अपनी मांगों को लेकर घंटों मौके पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया और पोटाश की भारी कमी है, जिसके कारण उन्हें बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, डीजल संकट और ट्रैक्टर-हार्वेस्टर के लिए डिब्बे में डीजल देने पर लगी रोक ने कृषि उपकरणों के पहिए थाम दिए हैं, जिससे खेती का काम पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। सभा को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की बुनियादी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है, जिससे इस साल उत्पादन पर बेहद बुरा असर पड़ेगा।

#### राष्ट्रपति, पीएम व सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

मंत्री की अनुपस्थिति में आक्रोशित किसानों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं



मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने प्रति एकड़ दो बोरी डीएपी, दो बोरी यूरिया व एक बोरी पोटाश की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा दो महीने तक डीजल की निर्बाध आपूर्ति करने की मांग की है। साथ ही ट्रैक्टर व हार्वेस्टर के लिए डिब्बे में डीजल न देने संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त करने और फसल बीमा योजना को ऐच्छिक बनाने की बात कही गई है। किसान नेताओं ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो आने वाले दिनों में राजधानी रायपुर में बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस प्रदर्शन में पारसनाथ साहू, वतन चंद्राकर, श्रवण चंद्राकर, गोविंद चंद्राकर, कैलाश वर्मा, जनकराम आवड़े, धनाजी चंद्राकर, हिरेश चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, पुरुषोत्तम धीवर, फ़विन्द्र वर्मा, कमल चंद्राकर, कृष्णकुमार चंद्राकर, विकास टंडन, रेखराम पात्रे, उपेंद्र भारती, खिलावन निषाद, समीर गौरी, सूरज सोनकर, सौरभ चंद्राकर सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद थे। वहीं कांग्रेस पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने भी इस धरना प्रदर्शन को जायज ठहराते हुए समर्थन दिया।

:: आम सूचना ::
जारी दिनांक 19.05.2026
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विभा तिवारी पति स्व. प्रणव कुमार तिवारी निवासी कसेर गली, सत्ती बाजार रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम धुसेरा प.ह.नं. 14 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 500/14 रकबा क्रमशः 2.0870 हे. भूमि का न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर ओदश दिनांक 19.02.2026 के परिपालन में दिनांक 08.06.2026 को समय अपरान्ह ..... बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त नक्शा बटांकन में त्रुटि सुधार हेतु जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त नक्शा बटांकन में त्रुटि सुधार बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 14 के धुसेरा स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
राजस्व निरीक्षक
केन्द्री, तहसील अभनपुर

## खबर संक्षेप

### हत्या करने की नीयत से चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने हत्या करने की नीयत से चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बलराज शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने आर्यन ठाकुर उर्फ हिमेंद्र को गिरफ्तार किया है। बलराज ने पुलिस को बताया है कि वह मंगलवार देर रात अपने दोस्त के साथ खड़ा था। इस दौरान आर्यन, बलराज के पास पहुंचा और विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर बलराज पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने पतासाजी कर गिरफ्तार किया।

### सिंधी समाज ने संत साधराम साहेब को दी श्रद्धांजलि दुकानें आज रहेंगी बंद

**रायपुर।** सिंधी समाज के संत शिरोमणि साईं साधराम साहेब का सिंगापुर में सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन से सिंधी समाज एवं देश-विदेश में बसे लाखों श्रद्धालुओं में गहरा शोक व्याप्त है। पूज्य छग सिंधी सेवा महापंचायत के पदाधिकारियों ने सिंधी समाज और रायपुर व छग की सभी 72 पंचायतों से अपील की गई है कि 21 मई को दोपहर 1 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। सभी प्रतिष्ठान दोपहर 1 बजे के बाद ही खोले जाएंगे। उनके निधन पर पूज्य छग सिंधी सेवा महापंचायत के संस्थापक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव जीतू बडवानी एवं प्रदेश प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## निधन

### देवेश कुमार शर्मा

**रायपुर।** करण नगर चंगोराभाठा निवासी देवेश कुमार शर्मा नेवनारा वाले (42) का 19 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे सुरेंद्र शर्मा के पुत्र और गीत एवं गर्व के पिता थे।



### वीरेंद्र सिंह यादव

**रायपुर।** सिंचाई कॉलोनी लालपुर निवासी वीरेंद्र सिंह यादव (84) का 20 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 मई को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भारती बाला यादव के पति और रविंद्र सिंह के पिता, निरंजन सिंह यादव के जीजा थे।



### मोहिनी देवी मंधानी

**रायपुर।** प्रगति विहार महावीर नगर निवासी मोहिनी देवी मंधानी (भाटापारा वाली माता साहेब) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 मई को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील, राधेश्याम मंधानी की माता और गोकुल, कमल, नंदलाल, हेमंत बडवानी की बहन थीं।



# केंद्र सरकार से मिले 1.50 करोड़ का उपयोग नहीं कर पा रहा निगम, लैप्स होने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में कचरे से उठने वाली बदबू को कम करने और खुले में डंपिंग जोन की जगह कवर्ड डंपिंग जोन बनाने में निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है। निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमे ने सालभर पहले सभी 10 जोन में एक-एक नया डंपिंग जोन बनाने के लिए जगह चिन्हांकित कर प्रस्ताव मंगाए।

हैरानी की बात ये है कि एक साल बीतने के बाद भी मुख्यालय को एक भी प्रस्ताव नए डंपिंग जोन के लिए नहीं मिला, जबकि इस कार्य के लिए नगर निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 1.50 करोड़ की राशि मिली है। कुल मिलाकर जोन अधिकारियों की उदासीनता के कारण नए डंपिंग जोन का प्लान फिस्स हो गया है। यही नहीं, शासन से मिली राशि लैप्स होने का अंदेशा है। दरअसल, शहर के रिहाइशी इलाके में खाली जमीन पर नगर निगम द्वारा कूड़ा करकट डंप करने से लोग परेशान हैं। आधा दर्जन से ज्यादा इलाके ऐसे हैं, जहां निगम प्रशासन ने आनन-फानन में कचरा कलेक्शन पाइंट बनवाकर लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

**केस 1**

### बूढ़ापारा के धरना स्थल के पास से गुजरना मुश्किल

बूढ़ापारा के पुराने धरना स्थल वाले मार्ग से लोगों को आना-जाना मुश्किल हो गया है। मुख्य मार्ग पर कचरा डंपिंग जोन के सामने सुबह-शाम कचरा गाड़ियों की लाइन लगी रहती है। बड़ी मात्रा में आधा दर्जन वार्डों का कूड़ा यहां डंप हो रहा है, जबकि इसी मार्ग से स्कूल-कालेज के छात्र-छात्राएं, कामकाजी महिलाओं से लेकर शहरवासियों का अक्सर आना-जाना लगा रहता है। कचरे की बदबू से न केवल राहगीर, बल्कि आसपास के रहवासी भी परेशान हैं। उन्होंने बूढ़ापारा से कचरा डंपिंग जोन हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी दिया। वार्ड पार्षद सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बूढ़ापारा मुख्य मार्ग से कचरा कलेक्शन सेंटर को हटाने लगातार ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद भी धड़ल्ले से यहां कचरा गाड़ियों में बड़ी मात्रा में कूड़ा डंप किया जा रहा है।

- पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 10 जोन में नए कवर्ड डंपिंग जोन बनाने मिली है राशि
- एक साल में भी प्रस्ताव बनाकर भेज नहीं पाए जोन अधिकारी




### कवर्ड डंपिंग जोन बनाने की है योजना

नगर निगम के सभी 10 जोन में नए डंपिंग जोन के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रस्ताव मंगाये गए। डंपिंग जोन को पूरी तरह कवर्ड कर ताला लगाया जाएगा, ताकि कचरे से उठने वाली बदबू कम हो और लोगों को दिक्कत ना हो। इसके लिए निगम के पास फंड भी है, पर नए डंपिंग जोन के लिए प्रस्ताव भेजने में जोन के अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। - **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

**केस 2**

### डगनिया में तरुण तालाब के पास खुले में कचरा डंपिंग जोन

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र स्थित ठाकुर प्यारेलाल वार्ड डगनिया बस्ती से लगे तरुण तालाब के पास नगर निगम ने कचरा डंपिंग जोन बना रखा है। यहां नगर निगम की सफाई गाड़ियां अलग-अलग वार्डों से कूड़ा लाकर रोज खुले में कचरा डंप कर रही हैं। इससे आसपास के रहवासी इलाके के लोग परेशान हैं। तालाब में आने-जाने वाले और इस मार्ग से गुजरने वाले कूड़े से उठने वाली बदबू को लेकर परेशान हैं। मुंह में कपड़ा रखकर आना-जाना पड़ता है। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने इस पर ऐतराज जताते हुए रहवासी इलाके से कचरा डंपिंग जोन हटाने की मांग की है। इसके बावजूद नगर निगम कवर्ड डंपिंग जोन नहीं बना पाया।

## धूप से वाहन सवार हो रहे हलाकान

# ट्रैफिक सिग्नल चौक पर जहां शेड नहीं, वहां एक मिनट का इंतजार भी पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में पिछले दो दिनों से गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि अब वाहन सवार लोगों का चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल में ग्रीन सिग्नल के इंतजार में एक मिनट रुकना भी बहुत भारी लगने लगा है, क्योंकि चिलचिला देने वाली धूप के कारण एक मिनट में वाहन सवार लोगों को पसीना छूट जा रहा है। इससे बचने के लिए कई लोग सिग्नल चौक के आसपास लगे पेड़ की छांव तलाश कर उसके नीचे खड़े होकर ग्रीन सिग्नल का इंतजार करते हैं। हालांकि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कई सिग्नल चौक पर ये शेड लगे हुए हैं, जिसकी छांव वाहन सवार लोगों को धूप से राहत पहुंचा रही है। ये सभी शेड विधायक निधि के तहत स्वीकृत कर लगाए गए हैं।

### तेज धूप के साथ बारिश से भी बचाव

शहर के रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कई सिग्नल चौक पर शेड लगे हुए हैं। ये शेड जहां भीषण गर्मी के दिनों में चिलचिला देने वाली धूप से वाहन सवार लोगों का बचाव कर रहे हैं, वहीं बारिश के दिनों में भी ये शेड वाहन सवार लोगों का बारिश से बचाव करेंगे। तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में रायपुर उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने सिग्नल से गुजरने वाले वाहन सवार लोगों को धूप और बारिश से बचाव के लिए ये शेड विधायक निधि से स्वीकृत किए थे। इसके तहत महिला थाना चौक, कलेक्टोरेट चौक, भगतसिंह चौक, मरीन ड्राइव चौक, शंकरनगर चौक, जेल रोड चौक आदि स्थानों पर शेड लगाए गए हैं। हालांकि ये शेड सिग्नल के चारों तरफ अभी नहीं लगे हैं। कहीं दो तो कहीं एक तरफ ही लग पाया है। इससे इन सिग्नल चौक पर भी रेड सिग्नल पर रुकने वाले वाहन सवार लोगों को धूप और बारिश की मार से जूझना पड़ रहा है।



### रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में छूटे सिग्नल चौक पर लगेंगे शेड

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जिन सिग्नल चौक पर शेड नहीं लग पाए हैं, वहां भी अब जल्द शेड लगाए जाएंगे। इस क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने इसके लिए योजना एवं सांख्यिकी विभाग को प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में छूटे हुए सिग्नल चौक पर वाहन सवार लोगों को धूप और बारिश से बचाव के लिए शेड लगाए जाने की स्वीकृति मांगी है। स्वीकृति मिलते ही छूटे हुए सिग्नल चौक पर भी शेड लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### प्रस्ताव बनाकर भेजा है

मेरे विधानसभा क्षेत्र में जहां-जहां सिग्नल चौक पर शेड लगाने की आवश्यकता है, वहां विधायक निधि के तहत शेड लगाने संबंधी कार्य को स्वीकृत कर मंजूरी के लिए प्रस्ताव बनाकर योजना एवं सांख्यिकी विभाग को भेजा है। मंजूरी मिलते ही शेड लगाने की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।
- **पुरंदर मिश्रा**, विधायक, उत्तर विधानसभा रायपुर

### प्रस्ताव आया नहीं है

सिग्नल चौक पर शेड लगाने के लिए मांग या प्रस्ताव आया नहीं है। मांग या प्रस्ताव आएगा, तो जरूर स्वीकृति दी जाएगी। सिग्नल चौक पर शेड लगने से वाहन सवार लोगों का धूप एवं बारिश से बचाव होगा।
- **राजेश मूणत**, विधायक, पश्चिम विधानसभा रायपुर

### मेरे क्षेत्र में ऐसे सिग्नल चौक नहीं

मेरे क्षेत्र में ऐसे सिग्नल चौक नहीं हैं, जहां शेड लगाए जाने की जरूरत है। अगर कहीं कोई सिग्नल चौक है और वहां आवश्यकता है, तो मांग पर शेड लगाने की पहल की जाएगी।
- **सुनील सोनी**, विधायक, दक्षिण विधानसभा रायपुर

# एलपीजी घोटाला के बाद कई गैस एजेंसियां संदेह के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महासमुंद पुलिस द्वारा गैस चोरी घोटाला का खुलासा किए जाने के बाद अब इस मामले में रायपुर और अभनपुर क्षेत्र की कई गैस एजेंसियां भी संदेह के दायरे में हैं।

संभावना जताई जा रही है कि इंडियन ऑयल कंपनी के 6 गैस टैंकर से गैस चोरी करने के बाद गैस को खपाने के लिए कुछ गैस एजेंसियों की मदद ली गई है। ये एजेंसियां रायपुर और अभनपुर क्षेत्र में संचालित हैं। महासमुंद पुलिस ने प्रारंभिक जांच में 8 एजेंसियों पर संदेह भी जताया था, जिनके नाम का खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। इधर खाद्य विभाग रायपुर को भी इसकी जानकारी है। इस आधार पर विभाग भी अभनपुर क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों के साथ महासमुंद जिले की ओर रायपुर सीमा क्षेत्र में संचालित कुछ गैस एजेंसियों पर नजर रखे हुए है। संभावना जताई जा रही है कि विभाग की टीम जल्द ही कुछ एजेंसियों में दबिश देकर औचक जांच कर सकती है तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### खाद्य विभाग की टीम दबिश देने की तैयारी में



***महासमुंद पुलिस कर रही जांच*** *: गैस चोरी के बाद उसे बेचने में रायपुर जिले की 8 गैस एजेंसियों की भी भूमिका रही है। ऐसी जानकारी महासमुंद पुलिस की प्रारंभिक जांच में आई थी, लेकिन इन एजेंसियों के नाम का खुलासा नहीं हुआ है। महासमुंद पुलिस अपने स्तर पर इसकी जांच कर रही है। हालांकि संदेह के आधार पर विभाग भी जरूर कुछ एजेंसियों पर नजर रखे हुए है। - **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

***इस मामले में महासमुंद खाद्य अधिकारी पर गिर चुकी है गाज*** *: गैस चोरी मामले में पुलिस की जांच में महासमुंद के जिला खाद्य अधिकारी को दोषी पाया है। पुलिस ने जांच में खाद्य अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। इधर इस मामले में पुलिस ने चोरी की गैस को बेचने में अहम भूमिका निभाने में 8 गैस एजेंसियों के शामिल होने की बात कहीं थी, जिनके नाम का खुलासा नहीं किया था। इन एजेंसियों के संचालकों से पूछताछ की गई है या नहीं, इसका खुलासा पुलिस ने अब तक नहीं किया है। हालांकि एक खबर यह भी आ रही है कि रायपुर जिले के अलावा महासमुंद की कुछ गैस एजेंसियां भी इस गैस घोटाला में शामिल हैं।*

## पेज 11 के शेष ...

### शहर में टैफिक के लिए ...

लक्ष्य रखा है। ई-रिक्शा का पंजीयन होने पर शहर के ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए ई-रिक्शा मैनेजमेंट के लिए निर्णय लिया जाएगा। आरटीओ रिकार्ड के अनुसार रायपुर जिले में 35 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं। ट्रैफिक पुलिस आरटीओ के रिकार्ड के आधार पर शहर के अंदर 30 हजार के करीब ई-रिक्शा संचालित होने का अनुमान लगाती रही है। ई-रिक्शा चलाने पूर्व में शहर को चार जोन में बांटकर ई-रिक्शा चलवाने ट्रैफिक पुलिस के साथ जिला प्रशासन ने निर्णय लिया था। चालकों के विरोध के कारण ट्रैफिक पुलिस को निर्णय वापस लेना पड़ा। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को ही आपस में निर्णय कर समाधान निकालने कहा। ई-रिक्शा प्रबंधन को लेकर ऑटो यूनियन अब तक कोई निर्णय नहीं ले पाया है। **क्यूआर कोड से मिलेगी जानकारी** : ई-रिक्शा का पंजीयन कराने मालिक का फोटो अगर किसी ड्राइवर के माध्यम से ई-रिक्शा चलवाया जा रहा है, उस स्थिति में उस ड्राइवर के फोटो तथा ई-रिक्शा मालिक के साथ ड्राइवर का मोबाइल नंबर देना होगा। ट्रैफिक पुलिस ई-रिक्शा के मालिक तथा उनके ड्राइवर का गूगल डेटा बेस बुक तैयार कर अपने पास रिकार्ड रखेगी।

**संख्या आने के बाद निर्णय** : ई-रिक्शा के प्रबंधन को लेकर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट में कितनी संख्या में ई-रिक्शा हैं, इसका वास्तविक आंकड़ा उपलब्ध होने के बाद ई-रिक्शा के संचालन पर कोई उचित निर्णय लिया जाएगा। उस बैठक में ई-रिक्शा के संचालन पर कोई उचित निर्णय लिया जाएगा।

**ज्यादातर किराए पर चल रहे** : ट्रैफिक पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दो तिहाई के करीब ई-रिक्शा किराए पर चल रहे हैं। ई-रिक्शा चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने की बात सामने आई है। पंजीयन करने पर बगैर ड्राइविंग लाइसेंस ई-रिक्शा चलाने वालों की जानकारी मिलेगी। बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दशकों की प्रतीक्षा समाप्त...

हुआ। इस तरह लंबे समय के बाद लाखों लोगों को सौगात मिलने वाली है। ब्रिज के प्रारंभ होने से क्रासिंग पर जाम से मुक्ति मिलेगी और कचना जाने वाले सीधे ऊपर से ही जा सकेंगे। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां भी किए जाने की खबर है। उद्घाटन कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव सहित अन्य मंत्री एवं विधायकों के भी शामिल होने की संभावना है।

### जेंडर की स्पेलिंग भी सही...

में कई विषयों का जिक्र नहीं किया गया था। इसके अलावा जिन विषयों की परीक्षाएं सेमेस्टर आधार पर आयोजित की जानी हैं, उनका टाइम-टेबल भी वार्षिक आधार पर जारी कर दिया था। थोक में मिल रही शिकायतों के बाद रविवि ने इसमें संशोधन कर 19 मई को नई समय-सारिणी जारी की, जिसमें भाषायी त्रुटि के कारण विवि फिर से ट्रोल हो रहा है।

### पाठ्यक्रम का पहला ...

समर्पित है। छात्रों को महिलाओं से जुड़े मुद्दों, लैंगिक असमानता, महिला अधिकारों, संबंधित विधियों और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों का अध्ययन इसके अंतर्गत कराया जाता है।

### 4 बड़े नालों की चौड़ाई...

बनाई गई। नाला सुधारने में 10 करोड़ का खर्च अनुमानित है। इसी तरह वंडरपार्क नाला को सरोना से खारुन तक 12 फीट चौड़ा करना था, जिससे गंदे पानी की निकासी सुगमता पूर्वक हो पाती। इसके लिए बाकायदा प्लानिंग कर 5 करोड़ के अनुमानित खर्च वाली योजना बनाई गई। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए पहले ही भेज दिया गया है। नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के अटारी नाला को अटारी से खारुन तक 12 फीट चौड़ा कर नाले की चौड़ाई बढ़ाने 5 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है, पर शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित है। इसी तरह फुंडहर से दलदल सिवनी तक सोकरानाला की की चौड़ाई 25 फीट की जानी है, नाला की चौड़ाई बढ़ने से बारिश के समय जलभराव की समस्या नहीं आएगी। 20 करोड़ की यह योजना पिछले एक वर्ष से लंबित है। इसकी वजह से नाला सुधार का काम शुरू नहीं हो पाया।

### केरल के बाद धीमी होगी ...

रहा है, केरल में मानसून 26 मई या उसके आसपास सक्रिय हो सकता है। इसके बाद उसके छत्तीसगढ़ तक आने का काउंटडाउन शुरू होता है। मानसून के आगे बढ़ने की स्थिति में आने वाले व्यवधानों और पूर्व अनुभव के आधार पर मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है, पिछले वर्षों की तरह छत्तीसगढ़ में जगदलपुर के रास्ते उसकी एंट्री अपनी सामान्य तिथि 13 के आसपास ही होगी। इसके दो से तीन दिन बाद रायपुर और संभवतः 20 जून तक अंबिकापुर पहुंचेगा। इधर प्रदेश में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।

# सुशासन तिहार शिविर में पेयजल, नाली, नाला निर्माण और स्ट्रीट लाइट की शिकायतें ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम के 4 वार्डों में सुशासन त्योहार के अंतर्गत लगाए जा रहे जन समस्या निवारण शिविर में खस्ताहाल सड़क, पुल, पुलिया और नाली निर्माण की मांग और शिकायत सबसे ज्यादा मिली है। शंकर नगर स्थित जोन 3 के 7 वार्डों के रहवासियों ने नाली, नाला निर्माण की जरूरत बताते हुए 206 आवेदन किए हैं, जबकि नालियों के ढाल और गंदे पानी के निकास को लेकर 23 शिकायतें आई है। ईदगाह भाठा स्थित जोन 5 के शिविर में नाली, नाला निर्माण के 206 मांग संबंधी आवेदन मिले,वहीं 21 लोगों ने नाला, नाली सफाई और गंदे पानी के निकास सही नहीं होने की शिकायत भी की है। मोतीबाग के जोन 4 नाला, नाली से संबंधित 12 शिकायतें मिली, जबकि 79 आवेदकों ने मांग करते हुए नाली, नाला निर्माण के आवेदन लगाए। इसमें रविशंकर शुक्ल वार्ड, विपिन बिहारी सूर, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड सहित अन्य वार्ड के रहवासी शामिल है।



- नया नल कनेक्शन, लो प्रेशर की शिकायत
- पुलिया, नाला, नाली निर्माण के भी आवेदन आए

### पानी की समस्या और नए नल कनेक्शन को लेकर आवेदन ज्यादा

*गर्मी में पानी की समस्या और नए नल कनेक्शन कराने सुशासन तिहार में आवेदकों के 4 जोनों में 378 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें जोन 3 में 86 आवेदन में से 45 आवेदन जल संकट प्रभावित क्षेत्रों के आवेदक हैं। इनमें खम्हारडीह का इलाका शामिल है। इसी तरह पंडरी के कुछ बस्तियों में भी पेयजल संकट की शिकायत आई है। वहीं 41 आवेदन पेयजल के मांग संबंधी प्राप्त हुए। नगर निगम जोन 5 से 101 आवेदन पेयजल को लेकर प्राप्त हुए, जिसमें नए नल कनेक्शन के लिए 24 लोगों ने शिविर में आवेदन दिए वहीं 113 लोगों ने पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए शिकायतें दर्ज कराईं। इस तरह पेयजल को लेकर इस जोन में 137 आवेदन शिविर में जमा हुए। खमतराई स्थित जोन 1 में पेयजल के 54 आवेदन आए हैं। जोन 4 के 7 वार्डों से 101 आवेदन पेयजल के संबंध में प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही शहर के रहवासी इलाकों में स्ट्रीट लाइट बंद रहने और नए पोल में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग लोगों ने प्रमुखता से की है। नगर निगम के विद्युत विभाग और सीएसईबी के स्टाल पर आवेदकों ने आवेदन दिए हैं। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने, नए निर्माण के लिए नक्शा पास कराने के आवेदन मिले हैं।*

# शासकीय जमीन से अवैध संचालित डेयरी हटाई गई



**रायपुर।** महात्मा गांधी वार्ड अंतर्गत सड्डू स्थित प्रयास हॉस्टल के सामने खसरा नंबर 8/1,8/2 रकबा 1.45 एकड़ जमीन पर कई सालों से अवैध रूप से संचालित डेयरी को पूर्ण रूप से हटा दिया गया। इस जमीन का सीमांकन 7 अप्रैल को हुआ था, जिसकी जांच रिपोर्ट पर यह पूरी जमीन शासकीय पाई गई। इस घास जमीन को तहसीलदार राममूर्ति दीवान के नेतृत्व में 18 मई को खाली कराने की कार्रवाई की, लेकिन उस समय मवेशी होने की कार्रवाई आधे पर रोक दी गई। मवेशियों को हटाने के लिए तहसीलदार ने डेयरी संचालक चंद्रशेखर यादव को दो दिन का समय दिया था। समय पूरा होने के बाद गुरूवार को डेयरी से लगभग 200 मवेशियों को यहां से हटाने के बाद उसे तोड़ने की कार्रवाई की।

## बिजनेस साइट

### सरचार्ज राशि में छूट से आरडीए के हितग्राही हुए लाभान्वित

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की संचालक मंडल बैठक में 26 फरवरी 2026 को लिए गए निर्णय के तहत प्राधिकरण की विभिन्न पुरानी योजनाओं में आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों के बकाया भुगतान पर सरचार्ज राशि में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। आरडीए द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, कौशल्या माता विहार, इन्द्रप्रस्थ योजना एवं बोरियाखुर्द योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस फ्लैट तथा ईडब्ल्यूएस स्वतंत्र मकानों के बकाया की एकमुश्त राशि जमा करने पर आवासीय संपत्तियों के लिए सरचार्ज में 50 प्रतिशत तथा व्यावसायिक संपत्तियों के लिए 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि यह छूट योजना 30 मई 2026 तक प्रभावशील रहेगी। योजना के प्रति हितग्राहियों में उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान कर रहे हैं। आरडीए के अनुसार, 20 मई 2026 तक इस योजना के माध्यम से प्राधिकरण को लगभग 56.88 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है। वहीं हितग्राहियों को करीब 15.94 लाख रुपये की सरचार्ज राशि में छूट का लाभ मिला है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16
तहसील व जिला-रायपुर
**सीमांकन सूचना**
दिनांक 18/05/2026

प्रति,
**(1) अशोक ललवानी, अनिल कुमार, सुमीत (2) विशाल जैन (3) अनिल, आर्यन, सुमित (4) भजन लाल पाण्डेय**

**विषय-** आवेदक/आवेदिका उधोराम पिता/पति कार्तिकराम निवासी द्वारा आवेदित ग्राम मुरिया प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 169/1, 192/2, 195, 278/1, 454 क्षेत्रफल 0.423 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।
**संदर्भ-** न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र. 216 वा./अति./ना./तह./2026 धरसींवा दिनांक 09/04/2026 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना. तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 26/05/2026 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 12 के पटवारी कार्यालय स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैध अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3564 दिनांक 28.03.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस.-13/109 को श्रीमति गोदावरी बाई यादव पति श्री बीरबल राम यादव, के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 14.08.2015 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9968 दिनांक 23.12.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्रीमति गोदावरी बाई यादव पति श्री बीरबल राम यादव, निवासीः- चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता श्री अनिल ढ़वले पिता स्व. श्री बालासाहेब ढ़ेवले, निवासीः- मकान नं.- 51, बोरसी, पोटिया रोड, ढ़ेवले, इंजियरिंग, वार्ड नं.- 51, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस.-13/109 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4966 दिनांक 02.06.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक - एच. आई.जी. - II / 853 को डॉ. प्रभात कुमार पाणिग्राही पिता श्री त्रिनाथ पाणिग्राही के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 10.10.2014 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9301 दिनांक 07.12.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में डॉ. प्रभात कुमार पाणिग्राही पिता श्री त्रिनाथ पाणिग्राही, निवासी :- फ्लेट नं.- सी 1, सी 2, पावर एम्पोरिया ब्लू शारदा विहार वार्ड नं.-12 कोरबा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री ध्यान सिंह आर्मो पिता श्री जीवन सिंह आर्मो, निवासीः- मकान नं. - 129, तालाब पारा, ग्राम ललाती, बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक – एच. आई.जी. - II / 853 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र - नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर
**// आम सूचना //**
जारी दिनांक 08/05/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयाबाई कोसरिया पति मोहनलाल कोसरिया निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम धनसुली प.ह.न. 02 राजस्व निरीक्षक मंडल चंदखुरी तहसील मंदिर हसौद स्थित भूमि खसरा नं. 164/2 रकबा क्रमशः 0.240 हे. भूमि का बटांकन / सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के ज्ञापन क्रमांक /Q/ वाचक/ तह./2025 मंदिर हसौद दिनांक 06.06.2025 के परिपालन में दिनांक 29.05.2026 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः आवेदक एवं नजदीक के कृषकगण अपने दस्तावेज सहित निर्धारित दिनांक को स्थल पर उपस्थित होवें। उक्त बटांकन/ सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो वे उक्त बटांकन/ सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नं. 02 के मंदिर हसौद स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. चंदखुरी,
तहसील मंदिर हसौद







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आरडीए के सीईओ से की मुलाकात, कॉलोनी की समस्याओं की दी जानकारी

**रायपुर।** कमल विहार के अध्यक्ष सुजीत परिहार, 3 बीएचके रेसिडेंशियल सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद श्रीवास एवं कमल हाइट के अध्यक्ष विकास मिश्रा ने बुधवार को रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के सीईओ से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने सीईओ कॉलोनी की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरडीए के सीईओ ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सोसाइटी का निरीक्षण किया और समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।
कॉलोनीवासियों ने उम्मीद जताई कि आरडीए द्वारा जल्द आवश्यक कार्यवाही कर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### निशुल्क कैरियर काउंसिलिंग और प्रतिभा सम्मान समारोह 24 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज आईटी टीम (सेल) की ओर से 24 मई को निशुल्क कैरियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल के सभागार में होगा। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान होनहार छात्र-छात्राओं का समाजिक मंच में सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों के लिए 1 मई से अंतराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल नगर निगम रायपुर में निशुल्क 20 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, जिसका समापन 23 मई को प्रतियोगिता आयोजित कर किया जाएगा। कैरियर काउंसलिंग सह मोटिवेशनल कार्यकम में शहर की ख्याति प्राप्त काउंसलर वर्षा अजित वरवंडकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।कार्यकम में अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। विशेष अतिथि के रुप में समाज के अध्यक्ष दीपक धीवर, रामकृष्ण धीवर, मछुवारा संघ के प्रदेशाध्यक्ष गायत्री धीवर, लखन धीवर, अन्नु तारक, रमेश सपहा पार्षद, सावित्री भारत धीवर पार्षद उपस्थित रहेंगे।

### ट्रैफिक जवानों को पानी बोतल, जैकेट वितरण



**रायपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए कार्यरत ट्रैफिक पुलिस जवानों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बुधवार को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा रायपुर आटो डीलर एसोसिएशन के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को रात्रि ड्यूटी के दौरान सुरक्षा के लिए 200 सेफ्टी जैकेट वितरण किया गया। सेफ्टी जैकेट में खास किस्म के रेडियम टेप का उपयोग किया गया है। जैकेट 100 मीटर दूर से रिफ्लेक्ट करेगा।

# स्कैन कॉपी हासिल करने तकनीकी दिक्कतें, बोर्ड ने बुलाई एक्सपर्ट टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीबीएसई के 12वीं कक्षा के रिजल्ट के बाद शुरू हुई पोस्ट रिजल्ट प्रक्रिया में छात्रों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे ही स्कैन कॉपी डाउनलोड करने की विंडो खुली, लाखों छात्र एक साथ वेबसाइट पर पहुंच गए। भारी ट्रैफिक की वजह से वेबसाइट धीमी पड़ गई और कई छात्रों को लॉगिन व आवेदन करने में परेशानी हुई। छात्रों और पैरेंट्स ने सोशल मीडिया पर भी वेबसाइट डाउन होने की शिकायत की है। कई छात्रों ने बताया कि वे घंटों कोशिश करते रहे, लेकिन आवेदन पूरा नहीं हो सका। इसके बाद सीबीएसई ने सर्कुलर जारी कर स्थिति साफ की है। बोर्ड ने बताया कि 12वीं क्लास की आंसर शीट्स की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया फिलहाल तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रही है। सीबीएसई के अनुसार, एक्सपर्ट्स की टीम इस समस्या को ठीक करने में लगी हुई है। बोर्ड ने छात्रों और पैरेंट्स से धैर्य बनाए रखने और सहयोग करने की अपील भी की है।

### शुल्क भुगतान के बाद भी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण नहीं, छात्र परेशान



2014 में बन गया था ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम, तकनीक नहीं थी इसलिए 2026 तक इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर उठ रहे सवालों के बीच बोर्ड ने दी सफाई

शिक्षक नहीं, सिस्टम ने जोड़े अंक

रिजेक्ट कर सकते थे शिक्षक

'...' की मदद से की गई उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैनिंग

### इन छात्रों को प्राथमिकता

सीबीएसई ने अपने नोटिस में कहा कि ऐसे छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें अपने मार्क्स या इवैल्यूएशन को लेकर शिकायत है और जो री-इवैल्यूएशन या री-चेकिंग के लिए स्कैन कॉपी लेना चाहते हैं। बोर्ड ने ऐसे छात्रों से कहा है कि वेबसाइट दोबारा शुरू होते ही वे पहले आवेदन करें ताकि उनकी शिकायतों का समय पर समाधान किया जा सके। सीबीएसई ने यह भी साफ किया कि कई छात्र केवल रिकॉर्ड या आर्काइव में रखने के मकसद से अपनी आंसर शीट्स की स्कैन कॉपी डाउनलोड करना चाहते हैं। ऐसे छात्रों से बोर्ड ने फिलहाल इंतजार करने की अपील की है। बोर्ड के मुताबिक, री-इवैल्यूएशन की मौजूदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन छात्रों को भी स्कैन कॉपी डाउनलोड करने का मौका दिया जाएगा।

### कई चरणों में पूर्ण होगी प्रक्रिया

*सीबीएसई की पोस्ट रिजल्ट प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होती है। पहले छात्र स्कैन कॉपी प्राप्त कर सकते हैं, इसके बाद नंबरों की वेरिफिकेशन और फिर री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन का ऑप्शन मिलता है। ऐसे में बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे केवल जरूरत होने पर ही आवेदन करें, ताकि वेबसाइट पर गैर-जरूरी दबाव कम हो सके और सभी छात्रों को समय पर सुविधा मिल सके।*

### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की बैठक में हुआ निर्णय

# जीएसटी भुगतान प्रणाली, रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र व्यवस्था में आएगी एकरूपता

- विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य के लिए 45 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





एक समान मानक प्रक्रिया होगी लागू

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के नवा रायपुर स्थित मुख्यालय में बुधवार को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण और अधोसंरचना विकास मंडल की बैठक हुई। बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई 86वें मंडल सम्मेलन में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की गई। निर्माण कार्यों में जीएसटी भुगतान प्रणाली एवं रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र संबंधी वर्तमान व्यवस्थाओं में एकरूपता लाने एक समान मानक प्रक्रिया लागू करने का निर्णय लिया गया।
अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि सम्मेलन में दीनदयाल आवास कॉलोनी, कोहका, तिल्दा, जिला रायपुर में व्यावसायिक सह आवासीय प्रकोष्ठ भवनों के निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना के अंतर्गत 76 आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित परियोजना लागत करीबन 10.37 करोड़ रुपये है।
स्ववित्तीय अटल विहार योजनांतर्गत गिनाबहार, जिला जशपुर में 6 एम.आई.जी, 64 एल.आई.जी. एवं 27 ई.डब्ल्यू.एस. सहित कुल 97 आवासीय भवनों के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही 7 एकड़ भूमि के विकास कार्य के संबंध में प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीबन 17.51 करोड़ रुपये है।
सम्मेलन में विभिन्न परियोजनों के निर्माण कार्य के लिए करीबन 45 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही जीएसटी भुगतान प्रणाली में एकरूपता, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत सीधी भर्ती तथा राज्य शासन के कर्मचारियों के अनुरूप पुनरीक्षित महंगाई भत्ता के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि स्ववित्तीय योजनांतर्गत सारधा (लोरमी), जिला मुंगेली में 200 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के निर्माण एवं 5 एकड़ भूमि के बाह्य विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीबन 16.94 करोड़ रुपये है। इसके अलावा मंडल के अधिकारियों व कर्मचारियों को राज्य शासन के कर्मचारियों के अनुरुप पुनरीक्षित मॅहगाई भत्ता की दरें स्वीकृत की गई। साथ ही क्वींस क्लब ऑफ इंडिया के विकास, संचालन एवं रख-रखाव के लिए लाइसेंस आधार पर पीपीपी. मोड के अंतर्गत एजेंसी नियुक्त करने के लिए प्रस्तुत निविदा प्रपत्र एवं लाइसेंस अनुबंध प्रारूप का अनुमोदन भी किया गया है। मंडल सम्मेलन में माननीय सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि बोर्ड द्वारा इस वर्ष 2026 के प्रथम 4 माह में ल 317 करोड़ की 1647 संपत्तियों का विक्रय किया गया। 86वें मंडल सम्मेलन में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल आयुक्त अवनीश कुमार शरण, आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव डीएस भारद्वाज, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि जीआर रावटे, वित्त विभाग के प्रतिनिधि निखिल अग्रवाल, हुडको के प्रतिनिधि हितेश बरोट सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ पीट एनडीपीएस की कार्रवाई

### तीन-तीन माह के लिए जेल भेजे गए

- *हाल के दिनों में जेल से छूटकर आए मुकेश बनिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कोतवाली तथा उरला थाना क्षेत्र के मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त में संलिप्त दो हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ पुलिस ने पीट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया है। दोनों आरोपियों के प्रकरण तैयार कर कमिश्नर कोर्ट में पेश किया गया। कमिश्नर के आदेश पर दोनों बदमाशों को तीन-तीन महीने के लिए जेल दाखिल किया गया है। पुलिस ने पीट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र के बदमाश मुकेश बनिया तथा उरला थाना क्षेत्र में बैसाखू ध्रुव के खिलाफ डिटेंशन ऑर्डर जारी कराया। पुलिस ने जिन दो बदमाशों के खिलाफ पीट एनडीपीएस की कार्रवाई की है, वो दोनों बदमाश आदतन मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त में लिप्त रहने वाले बदमाश हैं। बताया जा रहा है, मुकेश बनिया हाल ही में जेल से छूटकर आया है। जेल से छूटकर आने के बाद मुकेश बनिया के खिलाफ मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त करने की पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी।

#### सफेमा एक्ट के तहत संपत्ति जब्त करने की तैयारी

*मुकेश बनिया तथा बैसाखू ने मादक पदार्थों का अवैध कारोबार कर जितनी संपत्ति अर्जित की है, उन संपतियों की पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस दोनों बदमाशों के बैंक खातों, आय के स्त्रोत, संपत्तियों एवं अवैध अर्जित धन के संबंध में विस्तृत जांच कर रही है। जांच कंपलीट होने पर प्रकरण तैयार कर मुंबई सफेमा कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट के आर्डर के बाद पुलिस दोनों मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त बदमाशों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई करेगी।*

#### चार माह में 14 प्रकरण

*पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद पुलिस ने मादक पदार्थों का अवैध कारोबार रोकने चार माह में पीट एनडीपीएस के 14 प्रकरण तैयार कर संभाग आयुक्त के कोर्ट में पेश किया है। जिन लोगों के खिलाफ पीट एनडीपीएस कार्रवाई करने अनुसंसा की गई थी, उनमें से सात के खिलाफ आयुक्त डिटेंशन आर्डर जारी कर चुके हैं। रायपुर जिले में अब तक कुल 55 पीट एनडीपीएस के प्रकरण आयुक्त कोर्ट में पेश किए जा चुके हैं, उनमें से 38 के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।*

# बीएसएनएल कर्मचारियों-पेंशनरों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया प्रदर्शन

### जीएमटीडी कार्यालय फाफाडीह के सामने धरना



- *आईडीए और डीआर के भुगतान में टालमटोल के रवैये से हैं नाराज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीएसएनएल , एमटीएनएल के कर्मचारी और पेंशनरों ने 1 जनवरी 2026 और 1 अप्रैल 2026 से देय आईडीए, डीआर भुगतान में डीओटी और बीएसएनएल प्रबंधन द्वारा टालमटोल करने से नाराज होकर बुधवार को मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। राजधानी के फाफाडीह स्थित जीएमटीडी कार्यालय के सामने हुए विरोध प्रदर्शन में बलौदाबाजार, भाटापारा, नयापारा राजिम, धमतरी, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, बिलासपुर, सरायपाली के महिला व पुरुष कर्मचारी शामिल हुए। केंद्रीय नेतृत्व के कर्मचारियों ने बताया कि बुधवार तक किसी भी प्रकार का आदेश भुगतान के लिए जारी नहीं किया गया है। इस मौके पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों को एचपी साह जिला सचिव एनएफटीई बीएसएनएल, एसएम चिलमवार परिमंडल अध्यक्ष एनएफटीआई बीएसएनएल, कमलेश सांगोडे परिमंडल सचिव, सतीश मेश्राम जिला सचिव बीएसएनएलईयू, जेएन नस्कर परिमंडल सचिव एआईबीडीपीए छत्तीसगढ़ परिमंडल ने संबोधित किया। जितेंद्र ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

# छग के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े व्यापार व उद्योग को मिलेगी नई दिशा

- छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योग को लेकर रखे महत्वपूर्ण सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- *अमर पारवानी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से की मुलाकात*

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने बुघवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की व्यापक संभावनाओं, कृषि एवं वन उत्पादों के मूल्य संवर्धन, किसानों को आधुनिक प्रोसेसिंग एवं बाजार व्यवस्था से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कैट छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि केंद्रीय मंत्री से चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के विषय में भी विमर्श हुआ। श्री पारवानी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ कृषि, वन उत्पाद, मिलेट्स, मसाले, फल एवं पारंपरिक खाद्य उत्पादों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। यदि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को योजनाबद्ध रूप से बढ़ावा दिया जाए तो प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश, उद्योग विस्तार एवं युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा करते हुए हरसंभव सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। अमर पारवानी ने कहा कि केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का सकारात्मक दृष्टिकोण एवं मार्गदर्शन निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को नई गति प्रदान करेगा तथा किसानों, लघु उद्योगों एवं स्थानीय उद्यमियों को इसका व्यापक लाभ मिलेगा।

# बारिश से बाउंड्रीवाल ध्वस्त, कचना की दीनदयाल आवासीय समिति ने हाउसिंग बोर्ड से की शिकायत



- *1 से 4 ब्लाक के मुख्य द्वार के पास की चारदीवारी टूटी, आवेदन के बाद भी हाउसिंग बोर्ड बेपरवाह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



दीनदयाल आवासीय कल्याण समिति ने कचना स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के मुख्य द्वार के पास बारिश में बाउंड्रीवाल ध्वस्त होने से हो रही परेशानी की ओर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का ध्यान आकर्षित कराया है। समित के अध्यक्ष और सचिव ने आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल और हाउसिंग बोर्ड संभाग क्रमांक 2 के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर कहा है कि ब्लाक नंबर 1 से 4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कचना रोड खम्हारडीह में स्थित है। 16 मई की शाम आंधी तूफान और तेज बारिश में कालोनी के मुख्य द्वार की बाउंड्रीवाल गिर गयी है। इससे कालोनी वासी पूरी तरह असुरक्षित हैं। पिछले साल जुलाई में ब्लाक 3 के बगल की चारदीवारी बारिश में टूट कर गिर गई थी। इसके लिए कार्यपालन अभियंता को कई बार आवेदन किए पर आज तक इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। कालोनी वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए।

### छात्र राजनीति में रहते वेणु ने टीचर के साथ मिलकर पेपर लीक करने की योजना बनाई

# पास आउट छात्रों के साथ मिलकर पीटीआई टीचर ने पेपर लीक करने में की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोतवाली थाना में दर्ज 12वीं परीक्षा के हिंदी पेपर लीक प्रकरण में आरोपियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पेशे से शिक्षक है, जबकि एक अन्य पास आउट छात्र है। मामले की पड़ताल जारी है, पुलिस आने वाले दिनों में कुछ और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। जिनकी गिरफ्तारी होगी, उनमें छात्र से लेकर प्राचार्य स्तर के अधिकारी के नाम सामने आ रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में पुलिस फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उन्हें पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया है। पेपर लीक प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार वेणु कुमार जंघेल के अलावा बेमेतरा, बोरतरा हायर सेकंडरी स्कूल के पीटीआई टीचर जवाहर लाल कुर्रे तथा उसी गांव के रहने वाले विकास सेन को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 12वीं के हिंदी पेपर लीक प्रकरण का सबसे पहले हरिभूमि ने खुलासा किया था। खुलासे के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल के अफसरों ने कोतवाली थाना में 17 मार्च को एफआईआर दर्ज कराई। दो महीने की पड़ताल के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



- *पेपर लीक प्रकरण में आने वाले दिनों में प्राचार्य स्तर के अधिकारी की गिरफ्तारी संभव*

#### पेपर लीक का मास्टर माइंड वेणु

सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पेपर लीक प्रकरण का मास्टर माइंड वेणु कुमार जंघेल है। उसी ने पीटीआई टीचर के साथ मिलकर पेपर लीक करने साजिश की। सूत्रों के मुताबिक पीटीआई टीचर जवाहर जिस स्कूल में पीटीआई टीचर है, उसने अपने स्कूल की जगह किसी दूसरे स्कूल के प्राचार्य के साथ साठ-गांठ कर पेपर हासिल कर प्रश्नपत्र नोट कर पेपर लीक किया। जवाहर पिछले दस वर्षों से हायर सेकेंडरी स्कूल बोरतरा में स्पोर्ट्स टीचर है। जवाहर ने ही वेणु और विकास को पेपर दिया था। इसके बाद इन दोनों ने छात्रों से पैसे लेकर अन्य छात्रों को उनके वाट्सएप पर हस्तलिखित प्रश्न पत्र की कॉपी पोस्ट की।

#### पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

पुलिस गिरफ्त में आया पीटीआई टीचर पुलिस को अलग-अलग कहानी बताकर गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। पीटीआई टीचर ने पुलिस को अब तक जो जानकारियां दी हैं, पुलिस उन जानकारियों की कड़ी जोड़कर प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश में जुटी हुई है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी पीटीआई टीचर ने बेमेतरा जिला के आसपास के स्कूल से पर्चा हासिल कर पेपर लीक किया है। स्थानीय स्तर पर पेपर लीक होने की जानकारी मिलने पर पुलिस बेमेतरा जिला के संदिग्ध स्कूलों की पहचान कर पेपर लीक में शामिल अन्य रोपियों की पतासाजी जुटी हुई है।



02


अंगीठी पर पकने वाली चाय की चुस्की ....

## सिटी लाइव

# स्मार्ट फोन में ओपीडी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट और जांच रिपोर्ट की सुविधा



**रायपुर।** अस्पतालों में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट और डिजिटल जांच रिपोर्ट के तकनीकी नवाचार ने स्वास्थ्य सेवाओं को बदलकर मरीजों को बहुत बड़ी राहत दी है। इससे मरीजों को सुबह जल्दी उठकर लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ता। मरीजों को उनके रजिस्टर्ड नंबर वाले स्मार्टफोन पर ही सभी ब्लड टेस्ट, एक्स-रे और स्कैन की डिजिटल रिपोर्ट मिल जाती है। इस तकनीक से मरीजों की पुरानी मेडिकल हिस्ट्री और रिपोर्ट्र्स क्लाउड पर सुरक्षित रहती है, जिन्हें कभी भी देखा जा सकता है। वहीं डॉक्टर के पास जाने से पहले ही रिपोर्ट ऑनलाइन पहुंच जाती है, जिससे सही इलाज तुरंत शुरू होता है। प्रमुख सरकारी और निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म आभा यानी आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हर नागरिक की डिजिटल हेल्थ आईडी बन रही है, जिससे पूरा मेडिकल रिकॉर्ड लिंक होता है। ओआरएस पेशेंट पोर्टल सरकारी अस्पतालों जैसे एम्स में ओपीडी अपॉइंटमेंट के लिए केंद्र सरकार का आधिकारिक पोर्टल है। अब निजी बड़े अस्पतालों के अपने एप हैं, जो वीडियो कंसल्टेशन भी देने लगे हैं। शहर के सरकारी अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अस्पतालों में ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट और जांच रिपोर्ट तक डिजिटल पहुंच ने मरीजों को घंटों लंबी कतारों में लगने, समय की बर्बादी और शारीरिक थकान से बड़ी राहत दिलाई है।

### जिला अस्पताल में भी जांच रिपोर्ट मिलेगी ऑनलाइन

एम्स के बाद अब जिला अस्पताल पंडरी के सिविल सर्जन डॉ. बीके सिन्हा ने बताया कि मरीजों को पंजीकरण काउंटरों पर लंबी कतार से बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा ओआरएस रोगी पोर्टल शुरू किया गया है। इसके अलावा अब जांच रिपोर्ट भी मरीजों को उनके रजिस्टर्ड स्मार्ट फोन पर मिलेगी। यह तकनीकी सुविधा एक सप्ताह के अंदर अस्पताल आने वाले मरीजों को मिलने लगेगी। अस्पताल में हमर लैब की जगह अटल आरोग्य लैब का डिजिटल जांच रिपोर्ट सेटअप स्थापित किया जा रहा है। अब मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए अगले दिन तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है। जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए मरीज ओआरएस रोगी पोर्टल के लैब रिपोर्ट अनुभाग में अपना हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करके डिजिटल रिपोर्ट डाउनलोड कर सकेंगे।

● शहर के सेंट्रल, जिला ग्रंथालय, नालंदा-तक्षशिला लाइब्रेरी में रोजाना 6 से 8 घंटे कर रहें पढ़ाई

# कॅरियर बनाने सिटी यूथ में गजब का जुनून, सुबह से शाम तक लाइब्रेरियों की 90 प्रतिशत सीटें फुल, यहीं पर लंच-डिनर भी

शहर के लाइब्रेरियों में पढ़ाई करने वाले युवाओं में लक्ष्य हासिल करने गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इन दिनों सेंट्रल, जिला ग्रंथालय, नालंदा-तक्षशिला लाइब्रेरी की 90 प्रतिशत सीटें रोजाना सुबह से शाम तक फुल चल रही हैं। युवा अपने कॅरियर संवारने इतने संवेदनशील नजर आ रहे हैं कि वे लाइब्रेरी में 6 से 8 घंटे की पढ़ाई के दौरान लंच और डिनर भी यहीं पर कर रहे हैं। ताकि उनका फोकस और समय जरा सा भी पढ़ाई से न हट सके।





**1 साल से सीजीपीएससी की तैयारी कर रहीं हैं**

तक्षशिला लाइब्रेरी में सीजीपीएससी की तैयारी कर रहीं चेसवनी साहू ने बताया कि वह लाइब्रेरी में 1 साल से सदस्य हैं। यहां का माहौल सीजीपीएससी की तैयारी के लिए शानदार है। वहीं, सीजी व्यापम की तैयारी कर रहीं झामीन साहू ने बताया कि वह 5 महीने से सदस्यता लिए हुए हैं। नीरज ने बताया कि वह सिविल सर्विस की 17 महीने से लाइब्रेरी में सदस्य के तौर पर तैयारी कर रहे हैं। नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी स्टूडेंट्स के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने में प्लेटफार्म का काम कर रही हैं।

**रायपुर।** शहर के सेंट्रल, नालंदा एवं तक्षशिला लाइब्रेरी के नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि नालंदा में कुल 1000 सीटें हैं, जहां रोजाना 950 तक मेंबर्स लाइब्रेरी पहुंच रहे हैं। वहीं, तक्षशिला लाइब्रेरी में 750 सीटें हैं, जहां रोजाना 600 तक मेंबर्स प्रति दिन पहुंच रहे हैं। इसके अलावा जीई रोड सेंट्रल लाइब्रेरी में रोजाना 500 तक मेंबर्स पहुंचे रहे हैं। इसी तरह से जेएन पांडे स्कूल परिसर स्थित जिला ग्रंथालय में कुल 120 सीटे हैं, जहां रोजाना 90 से 100 तक मेंबर्स सुबह से शाम पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं। जिला ग्रंथालय के ग्रंथपाल रतन साहू ने बताया कि इन दिनों सर्व सुविधायुक्त जिला ग्रंथालय में पढ़ाई करने सदस्यों में गजब की जुनून देखने को मिल रहा है। लाइब्रेरी में पढ़ाई के दौरान सदस्य घर से लंच लेकर पहुंच रहे हैं और मन लगा कर पढ़ रहे हैं। नालंदा लाइब्रेरी के हेड लाइब्रेरियन मंजूला जैन ने बताया कि लाइब्रेरी में सदस्य 24 घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। इस दौरान सदस्य लाइब्रेरी की कैंटीन में ही लंच-डिनर कर रहे हैं।

### एसी-कूलर की ठंडी हवा के बीच सुकून से पढ़ाई

लाइब्रेरी प्रबंधन का कहना है कि एग्जाम की बेहतर तैयारी के लिए स्टूडेंट्स को बुक्स, स्टडी मटेरियल्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके लिए डिमांड रजिस्टर रखा गया है। वहीं, गर्मी के मौसम में एसी-कूलर की ठंडी हवा के बीच स्टूडेंट्स सुकून से पढ़ाई कर रहे हैं। स्टूडेंट्स सिलेबस और परीक्षा पैटर्न, पिछले वर्षों के प्रश्नों के नोट्स से मॉक टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं।



### सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक रोजाना पढ़ाई

जिला ग्रंथालय में 1 साल से सदस्य आर्यन तिवारी ने बताया कि वह एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। वह घर से लंच लेकर सुबह 10 बजे रोजाना लाइब्रेरी पहुंच जाते हैं और शाम 5 बजे तक पढ़ाई करते हैं। वहीं, तुलेश्वरी निर्मलकर ने बताया कि वह 3 महीने से लाइब्रेरी की सदस्य हैं और रोजाना सहायक शिक्षक ग्रेड-3 की तैयारी में जुटी हुई हैं।



## हेल्थ लाइव

# नौतपा में लू और डिहाइड्रेशन से बचने डाइट में शामिल करें सलाद





**रायपुर।** गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों सभी वर्गों को डिहाइड्रेशन की समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में मौसम के अनुरूप अपने आहार को संतुलित कर डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है। गर्मी के मौसम में पेट संबंधित बीमारियों में पीलिया, दस्त और पेट के अल्सर जैसे गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम देखने को मिलते हैं। इसकी वजह तापमान में बढ़ोतरी, डेली रूटीन डाइट में लगातार बढ़ती जंक फूड, कार्बोनेटेड युक्त पेय पदार्थ हैं। यह कहना है शहर के जाने माने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप सोलंकी का। उन्होंने आगे बताया कि गर्मी के दिनों में पाचन तंत्र को मजबूत रखना है और खुद को डिहाइड्रेशन से बचाना है तो शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना है। इसके लिए गर्मी के दिनों में सबसे पहले अपने रूटीन खान-पान को संतुलित करें। कामकाजी, बड़े-बुजुर्ग और छोटे बच्चों के लिए घर का बना ताजा खाना ही दें, बाहर का फास्ट फूड और कार्बोनेटेड युक्त पेय पदार्थों से परहेज करें। युवा व बुजुर्ग को रोजाना 3 से 4 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। इसके अलावा देशी शर्बत और पेय पदार्थों को नियमित शामिल करना चाहिए। इसमें बेल के शर्बत, दही, छाछ, नीबू पानी घर पर तैयार कर लेंगे तो लगभग डिहाइड्रेशन से बच जाएंगे। भोजन में सिंपल दाल-चावल, हरी सब्जियां, सलाद, फल और उसके जूस को शामिल करें।

### दोपहर में घर से निकलने से बचें

स्किन विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सिंह का कहना है कि गर्मी के दिनों में लोगों में सनबर्न की समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने धूप में निकलने से पहले अपने त्वचा की सुरक्षा के लिए स्कार्फ, कैप, ग्लब्स और त्वचा रोग विशेषज्ञों के परामर्श से स्कीन सनस्क्रीन का सुरक्षा आवरण बनाएं। साथ ही खानपान पर भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। गर्मी में पानी खूब पिएं, दही, खीरे, ककड़ी, हरी सब्जियों का सेवन करें, अधिक ऑयली व मसालेदार खाने से बचें।

### शरीर में पानी और एनर्जी की पूर्ति करते रहें

शहर के जाने-माने डाइटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव का कहना है कि गर्मी के दिनों में तरोताजा रहने के लिए नियमित तौर पर खुद को हाईड्रेट रखना जरूरी है। गर्मी में भागदौड़ व तापमान के कारण शरीर को पानी की पूर्ति करने डाइट में तरल पदार्थों की मात्र बढ़ाएं। इसके लिए स्वच्छ व साफ पानी नियमित पिएं। वहीं, तरल पेय पदार्थों में गुड़ का शर्बत, नारियल पानी, गोंद कतीरा शर्बत, पुदीने का पानी, सौंफ का शर्बत लें। खाने में हल्का व हेल्दी भोजन शामिल करें। इसमें बड़े बच्चों को दलिया, खिचड़ी, रोटी-सब्जी, फल प्रमुख रूप दे सकते हैं। इससे गर्मी व तापमान का असर शरीर में कम होगा। पानी और एनर्जी की पूर्ति बरकरार रहेगी।

# आम की ढाई सौ से अधिक किस्मों की सजेगी प्रदर्शनी

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 29 से 31 मई तक कृषि कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय महोत्सव में आम की 250 से अधिक देशी एवं विदेशी किस्मों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही आम के विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। आम से बनने वाले व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। आमों की सजावट प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रहने वाली है। इसमें स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थी, महिलाएं भी पंजीयन करवाने के बाद भागीदारी कर सकती हैं। आम महोत्सव में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है।

### व्यवसाय के रूप में अपनाने की दी जाएगी जानकारी



महोत्सव में पहले दिन सुबह 9 से 12 बजे तक पंजीयन किया जाएगा। लोगों के अवलोकनार्थ प्रदर्शनी तीन दिन रात 9 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी में विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं पौधे को विक्रय के लिए भी रखेंगे। 30 मई को आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 12 से 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा की जाएगी। इसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, विभिन्न उत्पादों के प्रसंस्करण एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। जिससे नई पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर आकृष्ट हो सकें। आम का उत्पादन पर्यावरण संरक्षण के साथ एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

# दस दिनों तक जारी रहेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हर किसी को कोई न कोई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं घेरे हुए हैं। लिहाजा, लोगों को इलाज में सहयोग देने के लिए एमएमआई हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। शिविर 30 मई तक चलेगा। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट और सिंधी काउंसिल की संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में लोगों को प्राथमिक जांच की सुविधाएं मिल रही हैं। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने यह जानकारी दी।



### कई तरह की बीमारियों की निशुल्क जांच की गई

उन्होंने बताया कि 3790 मरीजों की जांच निशुल्क की गई है। इसमें सात प्रकार की खून जांच की जा रही है। बीपी, शुगर, ईसीजी कंप्लीट, ब्लड काउंट, यूरिक एसिड टीएसएच लिपिड प्रोफाइल एवं डॉक्टर से परामर्श भी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक दस दिनों तक दिया जाएगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महामंत्री सुनील कुकरेजा, युवा विंग अध्यक्ष जीतू लोहाना, निलेश तारवानी, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी शिविर को सफल बनाने में सहयोग दे रहे हैं। राजेश रेलवानी, रोशन ओछवानी, हरीश मांगतानी और राज कुकरेजा आयोजन में शामिल हुए।

कला केंद्र समर कैंप में भाग लेने हर वर्ग में उत्साह का माहौल, कला गुरु सिखा रहा कला की बारीकियां

# कला के उस्ताद बनने प्रतिभागियों में जबर्दस्त क्रेज, 26 विधाओं में निखर रहीं प्रतिभाएं

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कला केंद्र के समर कैंप में हर वर्ग के कला साधक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। बुधवार को 15 दिवसीय समर कैंप में प्रतिभागी बच्चों के कल्पनाओं को आकार मिल रहा है। कैंप में विविध कला, विधा के कलागुरु प्रतिभागियों की प्रतिभा को निखारने में लग गए हैं। कैंप में पहुंचे प्रतिभागी बच्चे उत्साह और जिज्ञासा से भरे दिखे। प्रतिभागी बच्चों ने गायन, वादन, गिटार, की-बोर्ड, नृत्य, क्ले आर्ट, पेंटिंग, माटीकला और ताइक्वांडो जैसी कई विधाओं के क्लास में खुद को रचनात्मक महसूस किया। कला केंद्र प्रबंधन टीम के सदस्य व कलागुरु राहुल ठाकुर ने बताया कि इस समर कैंप का स्कूल की छुट्टी के बाद से प्रतिभागी बच्चों को बेसब्री से इंतजार था। वहीं, पैरेंट्स भी बच्चों के पंजीयन को लेकर गंभीर थे। आखिरकार पंजीकृत बच्चों को इस सीजन का समर कैंप मिल गया। इस बार समर कैंप को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। अब तक 550 प्रतिभागियों ने समर कैंप क्लासेस के लिए पंजीयन कराया है। दूसरे सत्र में 180 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बाकी पंजीकृत प्रतिभागियों को रोटेशन के अनुसार आने वाले समर सत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा।





### इस बार कई नई विधाएं सीखने को मिल रहीं



इस बार 4 नई विधाएं भी जोड़ी गई हैं। इनमें मेहंदी-रंगोली, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, अबेकस और शतरंज विधा को शामिल किया गया है। साथ ही कला केंद्र में पहले 22 कलागुरुओं की टीम थी, जिसे बढ़ाकर अब 26 कर दी गई है। कला प्रतिभाओं को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कला केंद्र की शुरुआत की गई है। यह केंद्र बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयुवर्ग के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। समर कैंप में अनुभवी ट्रेनर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे।

### 180 प्रतिभागियों की निखर रही प्रतिभा

इस समर सीजन के दूसरे सत्र के लिए गीत-संगीत, वादन, नृत्य, चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने 180 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। पैरेंट्स अपने बच्चों का बड़ी संख्या में कैंप में पंजीयन कराए हैं। कला केंद्र प्रबधन टीम ने बताया कि समर कैंप के लिए तीसरे सत्र के लिए पंजीयन जारी है। वहीं, कला केंद्र में सभी विधाओं के कलागुरुओं की भी उपस्थिति को सुनिश्चित की गई है।

### रोजाना सुबह 7.30 बजे से सुबह 9.30 बजे तक प्रशिक्षण

समर कैंप के दूसरा चरण 16 से 30 मई तक आयोजित है। समर कैंप में रोजाना सुबह 7.30 बजे से सुबह 9.30 बजे तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 110 रुपए हैं। इसके अलावा ट्रेनिंग फीस 500 रुपए निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों के लिए दो घंटे की समर क्लासेस में एक साथ 26 विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## इवेंट लाइव

## आगाज 4.0 के ग्रैंड फिनाले में सिंगर कुमार सानू के हाथों 11 वर्षीय एकांश को मिला खिताब




**रायपुर।** सिंगिंग रियलिटी शो आगाज 4.0 के ग्रैंड फिनाले के मंच पर शहर के 11 वर्षीय एकांश बाकलीवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एकांश ने बाल वर्ग में शानदार प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित इस भव्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शहर के प्रतिभागियों ने देशभर के हजारों प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विशेष पहचान बनाई। जीतो नॉर्थ दिल्ली चैप्टर द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 15 प्रमुख शहरों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर से 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को टी-सीरीज स्टैजवर्क एकेडमी का तकनीकी एवं प्रशिक्षण सहयोग प्राप्त हुआ।

### नकद राशि और सर्टिफिकेट से नवाजा

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जीतो एमपीसीजी जोन चेयरमैन हितेंद्र मेहता ने विजेताओं के लिए विशेष सम्मान एवं पुरस्कारों की घोषणा की। साथ ही जीतो एपेक्स द्वारा मंच पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एकांश बाकलीवाल को 75 हजार रुपए की सम्मान राशि एवं एपेक्स सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रुति संघी जैन को 50 हजार रुपए की सम्मान राशि एवं एपेक्स सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। वहीं, रायपुर चैप्टर के सेमीफाइनलिस्ट हार्दिक गंगवाल को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष सम्मान एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस भव्य राष्ट्रीय आयोजन को सफल बनाने में जीतो के शीर्ष नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में जीतो एपेक्स प्रेसिडेंट विजय भंडारी, सेक्रेटरी जनरल ललित डांगी, जेएटीएफ प्रेसिडेंट एवं नॉर्थ दिल्ली चैप्टर के फाउंडिंग मेंटर गौतम जैन, जीतो एपेक्स एडवाइजरी बोर्ड सदस्य शांतिलाल कावड़ एवं नॉर्थ जोन चेयरमैन रमन जैन उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर विशेष : शहर बदला पर नहीं बदली दशरथ और असीम की चाय दुकान

# अंगीठी पर पकने वाली चाय की चुस्की को लेकर शौकीनों में क्रेज, कायम है 65 साल पुराना स्वाद

शहर में कुछ एक स्थान ऐसे हैं, जहां चाय की चुस्कियों के शौकीन बरबस ही पहुंच जाते हैं। जिसने भी राठौर चौक के पास स्थित असीम विश्वास की दुकान में चाय पीया, वह स्वाद का मुरीद हो गया। यही कारण है कि लोग चाय का 65 सालों से कायम स्वाद लेने के लिए दुकान के पास से आते-जाते ठहर जाते हैं। चाय और स्वाद के शौकीन कुछ इसी तरह की दीवानगी नर्मदापारा से गुढ़ियारी जाने वाले मार्ग पर स्थित दशरथ निर्मलकर की चाय टफरी के प्रति भी रखते हैं।



### स्थापना और इतिहास

यह दुकान कई दशकों पुरानी है और इसे स्थानीय लोगों के बीच एक आइकॉनिक (प्रतिष्ठित) पहचान प्राप्त है। दशरथ जी द्वारा शुरू की गई इस छोटी सी गुमटी/दुकान ने पीढ़ियों से यात्रियों, ऑटो चालकों और आम जनता को सेवा दी है।

**रायपुर।** देश-दुनिया में 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व भर में चाय के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व को पहचान देना है। चाय उत्पादन में स्थायी कृषि को बढ़ावा देना और चाय श्रमिकों की आजीविका, अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। राठौर चौक के पास असीम विश्वास ने 65 साल पहले चाय टफरी शुरू किया था। तब 10 पैसे के बाद 25 पैसे में चाय पीने लोग दुकान के पास रुकते थे। अशोक विश्वास ने बताया कि हम लोग दूसरी पीढ़ी के रूप में इस व्यवसाय से जुड़े हैं। पहले भी अंगीठी पर ही चाय को पकाया जाता था। गैस पर खाना पकाने का चलन और सुविधा होने के बाद भी हम अंगीठी पर ही चाय पकाते हैं।



**पहचानः** यह जगह अपनी खास 'कड़क' और पारंपरिक स्वाद वाली चाय के लिए जानी जाती है। रेलवे स्टेशन के पास होने के कारण, यह अक्सर 24 घंटे (या देर रात तक) गुलजार रहने वाली जगहों में से एक है, जहां चाय की चुस्कियों के साथ रायपुर के बदलते इतिहास और राजनीति पर चर्चाएं होती हैं।



**सांस्कृतिक महत्वः** यह दुकान रायपुर की स्थानीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। यहां के स्थानीय लोगों और रायपुर आने वाले मुसाफिरों की यादें इस दुकान से जुड़ी हुई हैं।

### सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक ग्राहकी

प्रभात टॉकीज गंजपारा में फिल्म देखने और इस रूट से आने-जाने वाले चाय का शौक रखने वालों का 'असीम विश्वास की चाय दुकान' में रुकना तय होता है। अपने बेहतरीन स्वाद और स्थानीय लोगों के बीच अपनी अनूठी पहचान के चलते चर्चित है। जहां चाय की चुस्की के साथ-साथ शहर की स्थानीय चर्चाएं और लोगों का मिलना-जुलना होता है। अशोक विश्वास ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 4 से रात 10 बजे के बीच 70 से 80 लीटर दूध, 4 किलो चायपत्ती और 30 किलो शक्कर की खपत होती है। लोग हर मौसम में ताजगी के लिए चाय पीने आते हैं।

### 24 घंटे में करीब 18 घंटे मिलती है चाय

रायपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास स्थित 'दशरथ की चाय दुकान' कोई आधुनिक कैफे नहीं है, बल्कि सबसे पुराने और प्रतिष्ठित टी-स्टॉल्स में से एक है। यहां संतोष निर्मलकर ने बताया कि करीब 40 साल पहले मेरे मामा दशरथ निर्मलकर ने इसे शुरू किया। दुकान के प्रति उनके समर्पण और व्यवहार के चलते आसपास के दुकानदार ही नहीं, रेल यात्रा करने वाले भी चाय की चुस्की लेने के लिए रुकते हैं। यह ऐसी चाय दुकान है, जो 24 घंटे में करीब 18 घंटे प्रतिदिन संचालित होती है। लोगों को अंगीठी की आंच पर पकाई गई चाय का स्वाद अभी भी भाता है।

## निबंध और फैंसी ड्रेस स्पर्धा 28 को, महाराष्ट्र मंडल में रहेगी धूम

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की 28 मई को मनाई जाने वाली जयंती पर निबंध स्पर्धा आयोजित की गई है। साहित्य समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि 200 शब्दों में वीर सावरकर के जीवन प्रसंगों पर 25 मई तक निबंध आमंत्रित किए गए हैं। निबंध लेखन की तमाम प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को शुक्रवार 28 मई को आयोजित वीर सावरकर जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बीच 'मैं भी सावरकर फैंसी ड्रेस स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागी भी 25 मई तक चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल कार्यालय अथवा साहित्य समिति प्रभारी से मिलकर अपना पंजीयन सुनिश्चित करवा सकते हैं।



### बस्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के लिए मिलेगी उपाधि

इस आयोजन को लेकर बताया कि जिनके पास वीर सावरकर से संबंधित साहित्य, पुस्तक, पत्रिकाएं हों, वे महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी में दान कर सकते हैं, या इसके लिए संपर्क कर सकते हैं। मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने बताया कि वीर सावरकर जयंती पर 37 वर्षों से बस्तर के बारसुर में पिछड़े, गरीब आदिवासियों की निःस्वार्थ व निशुल्क चिकित्सा देने वाले डॉ. रामचंद त्र्यंबक गोडबोले और उनकी पत्नी डॉ. सुनीता गोडबोले को इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. गोडबोले दंपती के निःस्वार्थ मानव सेवा के संकल्प से प्रभावित होकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू उन्हें 26 मई को पद्मश्री से नवाजेंगी।

## प्राचीन भारतीय विधाओं से खुलेंगी नसें, मिलेगी राहत

**रायपुर।** प्राचीन भारतीय विधाओं पर आधारित अंतरराष्ट्रीय कल्याणकारी संस्था द्वारा लोगों का इलाज पुरानी पद्धति से बिना किसी ऑपरेशन के किया जाता है। लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देने का प्रयास कर रहे हैं। आरोग्य कलश के बारे में बताने के साथ ही कबीर शोधपीठ की महत्ता के संदर्भ में भी जी.डी मानिकपुरी ने बुधवार को प्रेस क्लब में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जटिल बीमारियों का इलाज और समाधान देने के लिए अलग-अलग शहरों में उपचार के लिए शेड्यूल तय किया जाता है। आरोग्य कलश ने तीसरा वार्षिक उत्सव और कांफ्रेंस का आयोजन किया है। इसमें स्वास्थ्य, शोध, सामाजिक जागरूता के लिए पेटेंट प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है। उन्होंने प्राकृतिक जीवन शैली तथा रोग निवारण पर रिसर्च के आधार पर विचार व्यक्त किए।



### नाड़ियों के माध्यम से बीमारियों का इलाज

एमएचआरएस प्रणाली शरीर की प्राकृतिक ऊर्जा, रक्त संचार एवं स्वास्थ्य संतुलन पर आधारित शोध पद्धति है। संस्था का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है। हम प्रमुख नाड़ियों- इडा, पिंगला, सुषुम्ना और चित्राणीको नियंत्रित करके, तंत्रिका तंत्र में संवेदनाओं और सूचनाओं के संचालन को संतुलित करने के लिए नाड़ियों पर आधारित पद्धति अपनाते हैं। लकवा, गठिया, थाइरॉइड, शुगर, हृदय रोग, टेढ़ी-मेढ़ी कमर, घुटना दर्द, रीढ़ की हड्डियों से जुड़ी समस्या का समाधान किया जाता है।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परशुराम प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी हुई तेज

**रायपुर।** सरयूपारिण ब्राम्हण सभा द्वारा बोर्ड परीक्षाओं 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों को भगवान परशुराम के नाम पर प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही 70% से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सभा के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि सीबीएससी, सीजी एवं अन्य बोर्ड क्लास के रिजल्ट आ चुके हैं। छात्रों ने अच्छे अंक हासिल किए हैं। हर वर्ष समाज द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान करके उनकी हौसला अफजाई की जाती है। इस वर्ष भी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### पंजीयन के आधार पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

*साल 2025 में निर्णय लिया गया कि ब्राम्हण सभा के प्रमाणित सदस्यों के बच्चों में से 12वीं कक्षा में अधिकतम अंक पाने वाले एक छात्र को परशुराम प्रोत्साहन निधि के रूप मे 5100 रुपए दिया जाएगा। सर्व ब्राह्मण छात्र जिन्होंने 70 से अधिक अंक हासिल किए हैं, उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल्स से सम्मानित किया जाएगा। ऐसे ही सर्वाधिक अंक लाने वाली एक छात्रा को तुलसी प्रोत्साहन निधि के रूप मे 5100 रुपए एवं प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। इसके लिए अभिभावकों और विद्यार्थियों ने मार्कशीट के साथ आधार कार्ड, पालक अपना आजीवन सदस्यता क्रमांक समाज कार्यालय या समीप में रहने वाले जिम्मेदार सदस्यों के पास जमा करने लगे हैं।*




## कृषि कॉलेज में वार्षिक समारोह की तैयारी, पूर्व अधिष्ठाताओं व छात्रों का किया जाएगा सम्मान

**रायपुर।** कृषि कॉलेज द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर 22 मई को दोपहर 02 बजे से वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया है। छात्रसंघ शपथ ग्रहण, पूर्व अधिष्ठाता एवं पूर्व छात्रों के लिए सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कृषक सभागार में किया जाएगा। इसकी शुरुआत आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के मुख्य अतिथ्य में आयोजित महाविद्यालय स्थापना दिवस समारोह से होगी। इसके बाद नवगठित छात्रसंघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें वे छात्रहित, अनुशासन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठातों का सम्मान किया जाएगा। इसकी व्यवस्था के लिए टीम बनाई गई है।




### सांस्कृतिक मंच को यादगार बनाने की तैयारी तेज

*अपने कार्यकाल में महाविद्यालय को शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार से जुड़ी गतिविधियों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले अधिष्ठाताओं के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले कॉलेज के पूर्व छात्रों का सम्मान किया जाएगा। वार्षिक समारोह में कृषि कॉलेज रायपुर के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। जो कॉलेज की प्रतिभा, सृजनशीलता व सांस्कृतिक समृद्धि का परिचय देंगे। इस साल कॉलेज परिवार ने सभी प्राध्यापकों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों एवं अतिथियों से इस गरिमामय आयोजन में सहभागिता निभाने और समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए आग्रह किया है। सांस्कृति मंच को यादगार बनाने की तैयारी चल रही है।*

## गोदड़ीवाला धाम में श्रद्धालुओं ने उत्साह से मनाया साओ मंगल

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में गोदड़ीवाले संत बाबा हरदास राम साहेब और सतगुरु बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद और महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में मंगलवार को साओ मंगल का आयोजन शाम 7 से 8 बजे तक किया गया। आरती साहेब 8 से 8.55 बजे तक भजन, सत्संग और श्रद्धालुओं ने सिमरन किया। 8.55 पर सतगुरु बाबा गेलाराम साहेब की देवरी पर माला अर्पण महंत और बाबा के भक्तों द्वारा शंखनाद व मंत्रों द्वारा किया गया। 9 से 9.30 बजे तक बाबा की मुराद पूरी करने वाली पावन मदाह साहेब व धूनी साहेब का पाठ किया। 9.30 बजे वचन साहेब, अरदास व पल्लव साहेब के साथ समापन किया गया। श्रद्धालुओं व बाबा के भक्तों को प्रसादी दी गई। यह जानकारी सेवादारी इन्दर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी ने दी।











## सिटी स्पोर्ट्स

### ईस्ट और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 एवं महिला एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न टीम के बीच मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम ईस्ट जोन ने 9 रन से जीता। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 7 विकेट पर 206 रन बनाए। ईशा भारती देवांगन ने 58 रन, कप्तान नेहा बड़वाईक ने 55 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 41 रन, रूमा दास और महक ठाकुर ने 10-10 रन एवं प्रतिज्ञा सिंह ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की संजीता पटेल एवं आरती यादव ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी मेंसाउथ जोन टीम 197 रन पर आउट हो गई। शिल्पा साहू एवं शिवानी हरि कृष्ण ने 75-75 रन बनाए। तान्या बेरिया ने नॉट आउट 12 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन के आंशी अग्रवाल ने पांच विकेट लिए। कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में हुए मैच में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन मैच हुआ। नॉर्थ जोन ने 95 रन से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन टीम 150 रन पर आउट हो गई। कप्तान मानसी मौर्य ने 83 रन और मिताली शर्मा ने 33 रन बनाएं। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की जपनीत कौर एवं संतोषी ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन टीम 55 रन पर आउट हुई। सेजल वर्मा ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की साक्षी शुक्ला एवं किरण वर्मा ने तीन-तीन विकेट और चित्रा पटेल ने दो विकेट लिए।

### प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट के मुकाबले जारी




**भिलाई।** बीएसपी इस्पात क्लब द्वारा आयोजित इस्पात सुपर प्रो सॉफ्टबॉल लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को मैच हुए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम वीकेंड लायंस विरुद्ध वांटेड में परिणाम वीकेंड लायंस ने 36 रन से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच जीतू रहे। दूसरा मैच लीजेंड-11 एवं अनजानय ब्लास्टर के मध्य खेला गया। परिणाम मैच टाई रहा एवं सुपर ओवर में अनजानय ब्लास्टर ने यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच डब्बू रहे। तीसरा मैच केएनसी सुपरस्टार्स विरुद्ध खुर्सीपार टाइटन में परिणाम खुर्सीपार टाइटन ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच राजा रहे। चौथा मैच बीएमसीसी विरुद्ध मोक्ष- 11 में परिणाम मोक्ष -11 ने 3 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विकास सिंह रहे। मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह, पीयूष साहू और स्कोरर विवेक सिंघम थे। यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजक अरविंद सिंह एवं वीरेंद्र गोस्वामी ने दी।

### राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए कैंप में तैयार हो रहे खिलाड़ी



**रायपुर।** सब जूनियर बेसबॉल का प्री नेशनल कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर में 16 से 22 मई तक जारी है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के सह सचिव अख्तर खान ने बताया कि 31 वे सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता भुवनेश्वर में 24 से 29 मई तक आयोजित है उसमें प्रदेश की बालक बालिका की टीम भी भाग ले रही है, जिसके लिए यह कैंप लगाया गया है।

उद्घाटन समारोह में प्रदेश बेसबॉल संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, प्रदेश महासचिव मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा मिश्रा मौजूद थे। पलक जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को एक टीम की तरह मिलाकर खेलने के लिए कहा और साथ ही प्रदेश के लिए पदक लेकर आए ऐसी उम्मीद जताई। महासचिव मिताली घोष ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन से पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर जिले में किया गया था। जिसमें बालक वर्ग में 9 और बालिका वर्ग में 7 जिलों की टीम ने भाग लिया था। इनमें से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का इस प्री नेशनल कोचिंग कैंप में चयन किया गया है।

कैंप में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी लखन लाल देवांगन, संदीप गाहिरे, अंकुर राजक, नेहा यादव, भूमिका श्रीवास के द्वारा फील्डिंग, हीटिंग, कैचिंग और साथ में मैच की प्रैक्टिस भी कराई जा रही है।

---

कुछ बीमारी पहुंचाती है पूरे शरीर को नुकसान

# सेहतमंद दिखने का मतलब सब कुछ ठीक होना नहीं, हार्ट-ब्रेन को हो सकता है खतरा

हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर इसलिए कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। डॉक्टर 30 साल की उम्र से ही नियमित ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की सलाह दे रहे हैं ताकि बीमारी को शुरुआती स्तर पर पकड़ा जा सके और समय रहते कंट्रोल किया जा सके।

खराब लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने कई ऐसी बीमारियों का खतरा काफी आम कर दिया है, जिन्हें स्वास्थ्य विशेषज्ञ साइलेंट किलर मानते हैं। हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर उनमें से एक है, जिसका खतरा कम उम्र के लोगों में भी बढ़ता जा रहा है। अमर उजाला में प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट में हमने बताया कि किस तरह से हाई ब्लड प्रेशर देश में हर चौथे व्यक्ति को प्रभावित कर रहा है, सबसे चिंताजनक बात ये है कि ज्यादातर लोगों को पता भी नहीं होता है कि उन्हें ये बीमारी है।

इंटरनल मेडिसिन के डॉक्टर मोइन खान बताते हैं, हाई ब्लड प्रेशर वाला हर मरीज आपको देखने में बीमार लगे ये जरूरी नहीं है। कई बार बिल्कुल स्वस्थ और फिट दिखने वाले लोग भी इसका शिकार हो सकते हैं। चूंकि शुरुआत में बीमारी के लक्षण ज्यादा स्पष्ट नहीं होते हैं इसलिए हाइपरटेंशन का शिकार होने के



बावजूद ज्यादातर लोगों को अपनी बीमारी के बारे में अंदाजा नहीं होता है। अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी डैमेज और ब्रेन हेमरेज जैसी गंभीर समस्याओं तक का कारण बन सकता है।

#### स्वस्थ दिखना, स्वस्थ होने की गारंटी नहीं

डॉक्टर खान बताते हैं, खराब खानपान, तनाव, नींद की कमी, लंबे समय तक बैठकर काम करने, ज्यादा नमक खाने, शराब-धूम्रपान जैसी आदतों ने कम उम्र में ही इस बीमारी के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। बाहर से स्वस्थ दिखना इस बात की गारंटी नहीं है कि आप अंदर से भी पूरी तरह स्वस्थ ही हों। यही वजह है कि अब 20-30 की उम्र से ही नियमित ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की सलाह दी जा रही है ताकि बीमारी को शुरुआती स्तर पर पकड़ा जा सके और समय रहते कंट्रोल किया जा सके।



युवा अक्सर देर रात तक जागते हैं और पर्याप्त नींद नहीं लेते, इससे हार्मोनल बैलेंस प्रभावित होती है। इसकी वजह से भी ब्लड प्रेशर की समस्या काफी बढ़ने लग गई है। लंबे समय तक लैपटॉप या मोबाइल के सामने बैठना, शारीरिक गतिविधि कम होना, जंक-प्रोसेस्ड फूड का ज्यादा सेवन भी युवाओं के ब्लड प्रेशर को प्रभावित कर रहा है।

लक्षण न दिखने से बीमारी का नहीं चलता है पता

डॉक्टर कहते हैं, हाइपरटेंशन की स्थिति में शरीर के भीतर रक्त वाहिकाओं पर लगातार दबाव बढ़ता रहता है। जिन लोगों के पारिवार में पहले से माता-पिता या करीबी रिश्तेदारों को हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत है उन्हें खुद में इस बीमारी को लेकर और भी अलर्ट रहने की जरूरत होती है।

हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। कई लोग वर्षों तक हाई बीपी के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें कोई गंभीर परेशानी महसूस



नहीं होती। यही कारण कि ज्यादातर लोगों को अपनी बीमारी का पता नहीं चल पाता है। अगर समय रहते ब्लड प्रेशर की समस्या का पता न चल पाए और इसका इलाज न हो तो इससे हार्ट, किडनी, आंखों सहित ब्रेन से संबंधित गंभीर खतरे हो सकते हैं।

#### हार्ट से लेकर ब्रेन डैमेज का खतरा

हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर इसीलिए कहा जाता है क्योंकि ये शरीर को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण दिल की सेहत पर सबसे ज्यादा असर होता है। जब वाहिकाओं पर खून का दबाव लगातार ज्यादा रहता है, तो दिल को खून पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे दिल की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। समय के साथ यह स्थिति हार्ट फेलियर, हार्ट अटैक और अनियमित धड़कनों का कारण बन सकती है। इसी तरह हाई ब्लड प्रेशर का ब्रेन पर भी खतरनाक असर होता है।

---



## एसी ने बढ़ा दिया है बिजली का बिल तो लगवा लें स्मार्ट गैजेट्स

क्या एसी ज्यादा चलाने की वजह से आपका भी बिजली का बिल बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आप बिजली की खपत को कम करने के लिए ऐसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवा सकते हैं। इससे बिल कम हो सकता है। आइए जानें, एसी की वजह से बिल ज्यादा आए, तो क्या करें?

गर्मियां चरम पर हैं। पंखे और कूलर से भी गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग घरों में एसी लगवा रहे हैं। एसी लगवाना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन इसका बिजली बिल भरना काफी मुश्किल हो जाता है। एसी ज्यादा चलाने से बिल बढ़ता है और घर का बजट तक बिगड़ जाता है। अक्सर लोग बिल देखकर ही पसीना-पसीना हो जाते हैं।

अगर बिजली का बिल बढ़ जाए, तो एसी चलाते हुए भी डर लगने लगता है। अगर आपका भी एसी घंटों तक चलता है और एयर कंडीशनर की वजह से आपके बिजली का बिल बढ़ रहा है, तो आपको अपने घर में एसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवाने चाहिए। इससे आपके बिजली के बिल में कमी आ सकती है। आइए जानें, एसी से आने वाले बिल को कैसे कंट्रोल करें?

#### स्टेबलाइजर लगवाएं

एसी चलाते हुए स्टेबलाइज जरूर लगवाएं। इससे एसी



की लाइफ बढ़ेगी, साथ ही आपके बिजली का बिल भी कम होगा। भारत में बहुत-सी जगहों पर बिजली की सप्लाई ऊपर-नीचे होती रहती है। ऐसे में एसी के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। वोलटेज के असर से एसी के कम्प्रेसर पर लोड पड़ता है। इससे बिजली का बिल बढ़ जाता है। ऐसे में स्टेबलाइजर जरूर लगवाएं।

#### स्मार्ट प्लग

बहुत से घरों में अभी भी पुराने वाले एसी लगे हैं। इन्हें अगर रातभर चलाया जाए, तो बिजली का बिल सीधे आसमान छूने लगते है। ऐसे में आप स्मार्ट प्लग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्लग की मदद से आप अलग-अलग टाइमर सेट कर सकते हैं। इससे एसी पूरी रात नहीं चलेगा, बल्कि अपने फिक्स टाइम पर ऑन ऑफ होगा।

#### सोलर पैनल लगाएं

एसी के बिजली बिल को कम करने के लिए आप सोलर पैनल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ये वन टाइम इनवेस्टमेंट है। एक बार इसे लगाने पर आप 20 से 25 सालों तक इसका फायदा उठा सकते हैं। इसकी मदद से आप घर के कई इलेक्ट्रिक उपकरणों को बिना बिजली बिल बढ़ाए यूज कर सकते हैं।

#### स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर

अक्सर एयर कंडीशनर का इन-बिल्ट थर्मोस्टैट बहुत अच्छी क्वालिटी का नहीं होता। ऐसे में आप स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर लगवा सकते हैं। इससे एसी वाले कमरे का तापमान खुद कंट्रोल होगा। इसे आपको बेवजह एसी नहीं चलाना होगा और इस तरह से आप बिजली की खपत को कम कर सकते हैं।



---

## कर्ज की परेशानियों को दूर करने जरूर अपनाएं वास्तु के उपाय

कई लोग कड़ी मेहनत करके धन कमाते हैं लेकिन कमाया गया धन घर पर नहीं टिक पाता है और इसी के कारण लगातार कर्जों में भी बढ़ोतरी होती रहती है। ऐसे में घर के वास्तु पर विशेष ध्यान की जरूरत है। वास्तु शास्त्र में घर की दिशा और यहां पर रखने वाली चीजों की दिशा से पैसों में वृद्धि या कमी महसूस होती है। घर पर अगर वास्तु संबंधी दोषों को दूर कर दिया जाय तो घर की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार आने लगता है। इसके साथ कभी किसी कर्ज लेने की जरूरत नहीं होती है। वास्तु के ऐसे उपाय आपको जानना चाहिए, जिनको करने से कर्ज से संबंधित परेशानियों को दूर किया जा सकता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर का मुख्य दरवाजा सबसे अहम हिस्सा होता है। मुख्य दरवाजे से ही सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जाओं का प्रवेश सबसे ज्यादा होता है। घर का मुख्य द्वार ही पैसों और खुशहाली का रास्ता बनता है। अगर घर के मुख्य दरवाजे पर गंदगी और अव्यवस्था फैली है तो धन रुक जाता है। ऐसे में रोजाना घर के मुख्य द्वार पर साफ-सफाई रखें, रोजाना गंगाजल से छिड़काव करें, घर के कोने में स्वास्तिक और ओम का निशान बनाएं, साथ ही तोरण द्वार लगाएं इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश बढ़ जाता है।

वास्तु में उत्तर दिशा को धन का क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में घर के उत्तर दिशा को अव्यवस्थित न होने दें। अगर घर के उत्तर दिशा में वास्तु संबंधी दोष होता है तो वहां पर रहने वाले लोगों के जीवन में धन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घर के उत्तर दिशा में तिजोरी और कुबेर यंत्र को जरूर रखें। इसके अलावा तिजोरी में लाल कपड़ा जरूर रखें। वास्तु के इस उपाय को करने से धन संबंधी दिक्कतें



फौरन ही दूर होती है।

#### रसोईघर वास्तु के अनुसार रखें

रसोईघर किसी भी घर का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। घर में रसोई घर दक्षिण-पूर्व दिशा में होनी चाहिए। इसके अलावा रसोई घर में गंदगी और अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। अगर रसोई घर में गंदगी होगी तो घर में आने वाले धन का फ्लो रुक जाता है।

कर्जों से बचने के लिए घर में समय-समय पर कुछ वास्तु संबंधी उपाय जरूर करना चाहिए। वास्तु के अनुसार, हर कमरे में समुद्री नमक की कटोरी जरूर रखें। साथ ही में सप्ताह में नमक का पोंछा एक बार जरूर रखें। इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर पर पैसा टिकता है।

---

## ज्यादा बटर खाना सेहत पर पड़ न जाए भारी



अच्छे गुणवत्ता वाले बटर का सीमित मात्रा में सेवन करना सेहत के लिए लाभप्रद माना जाता है। हड्डियों और थायरॉइड के लिए इसके कई प्रकार के लाभ हैं, पर इसका अधिक मात्रा में सेवन शरीर को कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मक्खन में उच्च मात्रा में संतृप्त वसा की मात्रा होती है, जिसका अधिक सेवन रक्तचाप और हृदय से संबंधित कई तरह की समस्याओं का कारण बनती है। बहुत अधिक मक्खन खाने का सबसे हानिकारक प्रभाव वजन बढ़ाने और मोटापा का कारण बन सकता है। आइए इससे होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

#### बैड कोलेस्ट्रॉल और हार्ट की समस्या

यदि आप ज्यादा मक्खन खाते हैं तो इससे बैड कोलेस्ट्रॉल का खतरा बढ़ जाता है। एक बड़े चम्मच बटर में लगभग सात ग्राम तक संतृप्त वसा की मात्रा होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल का जोखिम रहता है। बढ़ा हुआ एलडीएल (बैड) कोलेस्ट्रॉल एथेरोस्क्लेरोसिस का कारण बनता है जिसमें धमनियों के अंदर 'प्लाक' बनना शुरू हो जाता है। इस तरह की समस्या के कारण हृदय रोगों और हार्ट अटैक का जोखिम हो सकता है।

#### मोटापा का जोखिम

अध्ययनों से पता चलता है कि बहुत अधिक मक्खन खाने से आंत की चर्बी बढ़ने का जोखिम रहता है। संतृप्त वसा के अधिक सेवन के कारण पेट में अतिरिक्त आंत की चर्बी जमा हो सकती है। एक बड़े चम्मच बटर में लगभग 100 कैलोरी होती है, इससे मोटापा की दिक्कत का खतरा भी अधिक होता है।

---

कार्नर न्यूज

होम वर्क न करने के बहाने ढूंढता है बच्चा तो अपनाएं ये तरीके, खुद पढ़ने बैठ जाएगा

# समर वेकेशन का होमवर्क कराना सबसे बड़ी चुनौती इन तरीकों से अपने बच्चों को करें इसके लिए तैयार

अभिभावकों के लिए यह चुनौती होती है कि वे बच्चे को बिना तनाव या ज़बरदस्ती के पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि आपका बच्चा भी गर्मी की छुट्टियों में होमवर्क करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

गर्मियों की छुट्टियों का बच्चे बेसब्री से इंतजार करते हैं। यह उनके लिए मौज मस्ती के दिन होते हैं। हालंकि गर्मी की छुट्टियों में स्कूल से बच्चों को होम वर्क मिलता है, ताकि वह अपनी छुट्टियों में कुछ वक्त निकालकर पढ़ाई भी करें। लेकिन बच्चों के लिए स्कूल से मिला हुआ होमवर्क किसी पनिशमेंट से कम नहीं होता। जब भी उनसे हॉलीडे होमवर्क करने को कहा जाता है, वह अक्सर बाद में करेंगे, कह कर टाल जाते हैं। अभिभावकों के लिए यह चुनौती होती है कि वे बच्चे को बिना तनाव या ज़बरदस्ती के पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि आपका बच्चा भी गर्मी की छुट्टियों में होमवर्क करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।



#### खेल-खेल में पढ़ाई को बनाएं मजेदार

बच्चों को लंबे समय तक गंभीरता से बैठकर पढ़ाई करना उबाऊ लग सकता है। ऐसे में आप होमवर्क को गेम की तरह पेश करें। जैसे, गणित को पहेलियों में बदलना, अंग्रेजी को फ्लैश कार्ड से पढ़ाना या कविता याद करने के लिए गाने की धुन का इस्तेमाल करना।

#### पढ़ाई का समय तय करें

हर दिन का एक निश्चित समय पढ़ाई के लिए निर्धारित करें। यह आदत बच्चे में अनुशासन लाती है। साथ ही जब बच्चा जानता है कि उसे कब पढ़ना है और कब खेलना है, तो वह पढ़ाई से भागेगा नहीं।

#### काम के बाद इनाम

बच्चे को हर छोटे टास्क के बाद कोई छोटा इनाम दें। जैसे, उनका पसंदीदा स्नैक, 15 मिनट का गेम टाइम या कोई छोटा गिफ्ट। इससे बच्चा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित होगा और इसे अचीवमेंट हासिल करने का मार्ग समझने लगेगा।



#### होमवर्क को टुकड़ों में बांटें

अगर होमवर्क बहुत ज्यादा है तो उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दें। एक साथ पूरा करने के बजाय हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके पूरा करवाएं। इससे बोझ कम महसूस होगा और बच्चा डरने की बजाय उसे पूरे मन से करेगा।

हर छोटे प्रयास के लिए बच्चे की तारीफ करें। बच्चे को प्रोत्साहित करते रहे, आपकी तारीफ के शब्द बच्चे को पढ़ाई और होमवर्क पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे फीफा विश्व कप में परफॉर्म



फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए। वीडियो में बीटीएस भी फेसटाइम कॉल के जरिए दिखाई दिए। बिलबोर्ड के अनुसार, फीफा विश्व कप के इतिहास में यह एक खास पल होगा, क्योंकि यह पहली बार होगा जब फाइनल मैच में सुपर बाउल की तरह हाफटाइम शो होगा।

बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो का आयोजन ग्लोबल सिटिजन और कोल्डप्ले सिंगर क्रिस मार्टिन द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड के लिए पैसा जुटाने में भी मदद करेगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर में बच्चों की शिक्षा और फुटबॉल के मौकों का समर्थन करना है। मैडोना और शकीरा दोनों पहले सुपर बाउल हाफटाइम शो में मुख्य कलाकार रह चुकी हैं। मैडोना ने 2012 के सुपर बाउल में परफॉर्म किया था, जबकि शकीरा ने 2020 के फीफा विश्वकप के दौरान जेनिफर लोपेज के साथ स्टेज शेयर किया था।

### टॉलीवुड

## फहद की नई फिल्म का निर्देशन करेंगे प्रेम कुमार, वीडियो शेयर कर दी जानकारी



पुष्पा' और 'विक्रम' जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल चुके फहद फासिल की नई फिल्म की घोषणा हो चुकी है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन सी. प्रेम कुमार करेंगे। मलयालम सिनेमा में अपने शानदार अभिनय के लिए प्रसिद्ध मशहूर अभिनेता फहद फासिल निर्देशक सी. प्रेम कुमार की अगली फिल्म में नजर आएंगे। यह दोनों की साथ में पहली फिल्म है। फहद के साथ इस फिल्म में शिवदा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शिवदा को हाल ही में सूर्या की फिल्म 'कुरुप्पु' में देखा गया था।

आज फहद की इस फिल्म का एक खास वीडियो एक्स पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म की पूरी यूनिट मौजूद रही। इसमें खासतौर पर मुख्य कलाकारों के नाम बताए गए हैं और शूटिंग शुरू करने से पहले दीप जलाने की रस्म दिखाई गई है। वीडियो में फहद को दीपक जलाते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद डायरेक्टर सी. प्रेम कुमार, प्रोड्यूसर ईशरी के. गणेश और अभिनेत्री शिवदा ने भी दीपक जलाया।

वेल्स इंटरनेशनल ने अपने (ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, 'प्रोडक्शन नंबर 32।' प्रस्तुतकर्ता- डॉ. ईशरी के. गणेश, प्रोड्यूसर- वेल्स फिल्म इंटरनेशनल, मुख्य कलाकार- फहद और शिवदा, लेखक और निर्देशक- सी. प्रेम कुमार, यह फिल्म वेल्स इंटरनेशनल के बैनर तले बन रही है फिल्म का संगीत गोविंद वसंथा देंगे। फहद को आखिरी बार फिल्म 'पैट्रियट' में देखा गया था, जिसमें ममूटी और मोहनलाल भी मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म का निर्देशन महेश नारायण ने किया था। फिल्म में कुंचाको बोबन, नयनतारा, रेवती, दर्शना राजेंद्रन और राजीव मेनन भी थे। इसका संगीत सुशिन श्याम ने तैयार किया था।

### भोजपुरी

## नीलम के साथ चांद के पार पहुंचे पवन, रोमांटिक अंदाज में आए नज



अभिनेता पवन सिंह और नीलम गिरी ने कई हिट गाने दिए हैं। दोनों के बीच जबर्दस्त केमिस्ट्री देखी जाती है। पवन सिंह और नीलम एक बार फिर अपने एक गाने को लेकर सुर्खियों में हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री नीलम गिरी चांद के पार पहुंच गए हैं! दोनों एक-दूजे के रोमांस में खोए हुए हैं। उनकी सोशल मीडिया पर सामने आईं कुछ तस्वीरों को देखकर तो ऐसा ही लग रहा है। पवन सिंह और नीलम काफी रोमांटिक लुक में हैं। यह फोटोज खुद पावर स्टार ने शेयर किए हैं।

पवन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वे नीलम गिरी के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि दोनों चांद के पार पहुंच गए हैं। फोटोज के साथ पवन सिंह ने बेहद मारक कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'गाना नहीं....फीलिंग्स ड्रॉप होने वाली हैं'। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में टी-सीरीज भी लिखा है। इससे साफ है कि तस्वीरें उनके नए गाने से जुड़ी हैं। पवन सिंह और नीलम गिरी का नया गाना आने वाला है। यह लुक भी उसी से जुड़ा है। नेटिजंस पवन सिंह के इस पोस्ट पर बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। फैंस लिख रहे हैं, 'किंग वापस आ गया है'। वहीं, कुछ लिख रहे हैं, 'भोजपुरी का पावर स्टार'। इसके अलावा नेटिजंस फायर इमोजी और हार्ट इमोजी भी बना रहे हैं। नीलम गिरी भोजपुरी इंडस्ट्री का चर्चित नाम हैं। हालांकि, उन्हें स्थापित करने में पवन सिंह का ही बड़ा हाथ रहा है।

### प्रबल के रंग




“ पिछले हफ़्ते अपने न्यूयॉर्क फ़ैशन वीक शो के दौरान मशहूर डिजाइनर प्रबल गुरुंग ने रनवे पर रंगों की एक शानदार छटा बिखेर दी। यहां दर्शकों को पुराने ज़माने के ग्लैमर और शानदार भव्यता का एक खुशनुमा अनुभव मिला। यह अनुभव आँखों को भाने वाले पेस्टल रंगों, चमकीले नियॉन रंगों और ढेर सारी रफल्स (कपड़े की झालरों) के रूप में सामने आया।

## चेहरे की चमक को कई गुना बढ़ा देगा चावल

यदि आप भी कोरियन ग्लास स्किन पाना चाहते हैं तो इसमें सिर्फ चावल आपकी मदद कर सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। अपने चेहरे को चमकाने के लिए लोग न जानें कितने स्किन केयर ट्रीटमेंट ट्राई करते हैं। हर तरह की स्किन के लिए अलग अलग तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट बाजार में मिलते हैं। जिनके इस्तेमाल से चेहरा एकदम खिल जाता है। बावजूद उन चीजों के बहुत से लोगों के चेहरे पर कुछ खास असर नहीं दिखता।

इसी के चलते हम आपको एक ऐसी सस्ती चीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ चावल की जरूरत पड़ेगी। चावल के इस्तेमाल से आप अपनी स्किन को ग्लॉस स्किन बना सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व चेहरे की डीप क्लींजिग करके उसे एकदम चमका देते हैं। तो आइए आपको भी बिना देर किए हुए चावल का इस्तेमाल करना बताते हैं, ताकि आपका चेहरा एकदम खिल उठे।

### कैसे करें इस्तेमाल ?



इस नुस्खे को आजमाने के लिए आपको सिर्फ चावल और पानी की जरूरत पड़ेगी। तो सबसे पहले अच्छी क्वालिटी के चावलों को एक कटोरी में निकाल लें। अब इस कटोरी में पानी डालकर इसे रात भर के लिए ढक के रख दें। रातभर इसे ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चावल अच्छी तरह से फूल जाए। अगले दिन जब चावल फूल जाए तो इसे छान लें। चावलों को छानने के बाद इसी बारीक पीस लें। जब ये अच्छी तरह से पिस जाए तो इसे एक कांच के जार में स्टोर करके रख लें। ध्यान रखें कि ये चावल एकदम महीन होना चाहिए, वरना चेहरा छिल जाएगा।

### अप्लाई करने का तरीका

अब पिसे हुए इन चावलों को आपको अपने चेहरे पर अप्लाई करना है। इसके लिए सबसे पहले तो किसी अच्छे क्लींजर की मदद से अपने चेहरे को साफ कर लें।

गंदे चेहरे पर यदि आप इसे अप्लाई करेंगे तो इसका ज्यादा फर्फ देखने को नहीं मिलेगा। ऐसे में चेहरे को साफ करने के बाद इन पिसे हुए चावलों को हर रोज रात में सोने से पहले चेहरे पर लगा लें। आधे घंटे के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**ये है फायदा:** यदि आप नियमित रूप से चावलों को चेहरे पर इस्तेमाल करेंगे तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे अपने-आप ही



## इस तपिश भरे मौसम में प्रिंट वाले कपड़े खूब जमेंगे आप पर



गर्मियों का मौसम आते ही लोग इस सोच में पड़ जाते हैं कि वो कैसे कपड़े पहनें, जिसे पहनकर उनका लुक भी स्टाइलिश लगे और गर्मी भी न लगे। ऐसे में इस मौसम में ज्यादातर सभी को कॉटन, लिनेन और शिफॉन फैब्रिक के कपड़े पहनना पसंद आता है। पर, इन फैब्रिक में ज्यादा स्टाइलिश कपड़े ढूंढ पाना एक कठिन काम होता है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे प्रिंट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप गर्मी के मौसम में कैरी कर सकते हैं। ये प्रिंट्स गर्मियों के हिसाब से हल्के कपड़ों पर ही डिजाइन किए जाते हैं। तो यदि अब आप शॉपिंग करने जा रहे हैं, तो फटाफट से इन प्रिंट्स को भी खरीदकर रख लें।

### फ्लोरल प्रिंट

गर्मी का मौसम ऐसे कपड़े पहनने का होता है, जो देखने में आंखों को भी राहत पहुंचाएं। ऐसे में फ्लोरल प्रिट से बेहतर आपके लिए कुछ हो ही नहीं सकता। ज्यादातर फ्लोरल प्रिंट के कपड़े काफी हल्के रंगों में ही होते हैं, जो देखने में काफी प्यारे लगते हैं। इस मौसम में फ्लोरल कुर्तियां, मैक्सी ड्रेस या स्कर्ट्स बहुत अच्छे लगते हैं। लड़के भी फ्लोरल शर्ट कैरी कर सकते हैं।

### टाई एंड डाई प्रिंट

ये प्रिंट ज्यादातर शिफॉन फैब्रिक के कपड़ों पर ही होता है। इसलिए आप इसे गर्मी के मौसम में भी कैरी कर सकते हैं। शिफॉन के साथ-साथ कॉटन और लिनेन फैब्रिक के कपड़े पर भी ये प्रिंट काफी कमाल का लगता है। महिलाएं इस फैब्रिक की साड़ी काफी मन से पहनती हैं, वहीं लड़कों पर इस प्रिंट के कुर्ते खूब जचते हैं।

### ब्लॉक प्रिंट्स

आजकल ब्लॉक प्रिंट्स के सूट और कुर्ते काफी कमाल के लगते हैं। ब्लॉक प्रिंट्स ज्यादातर काफी हल्के फैब्रिक जैसे कि कॉटन और लिनेन पर किया जाता है, जिस वजह से ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

## धूप से चेहरा हो गया है लाल तो ऐसे पाएं राहत, ये नुस्खे आएंगे काम

मई के महीने में जब पारा 40 के पार जा रहा है, तो सेहत के साथ-साथ त्वचा का ध्यान रखना भी जरूरी हो जाता है। इस मौसम में टैनिंग के साथ-साथ कई बार धूप की वजह से चेहरा एकदम लाल हो जाता है, जिसपर खुजली के साथ-साथ जलन भी मचती है।

यदि चेहरे इस लालिमा का इलाज सही समय पर न किया जाए तो दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर के पास तक जाना पड़ता है। इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप चेहरे की जलन से राहत पा सकते हैं।

### कच्चा दूध आएगा काम

यदि आपका चेहरा धूप की वजह से काफी लाल हो गया है तो कच्चा दूध आपको इस परेशानी से राहत दिलाएगा। इसके लिए सबसे पहले तो कच्चा दूध एक कटोरी में ले लें। अब इसे रुई की मदद से पूरे चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे इसे ऐसे ही लगा रहने दें। कच्चा दूध आपके चेहरे को गर्मी से राहत दिलाएगा, साथ ही में इसकी मदद से टैनिंग से भी छुटकारा मिलेगा।



### खीरा का रस कर सकते हैं इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में बाजार में खीरे बेहद कम दाम में मिलते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से भी आप चेहरे पर हुई रेडनेस से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकालना है। अब इस रस को रुई की मदद से पूरे चेहरे पर लगाएं। इसे आप टोनर की तरह स्प्रे भी कर सकते हैं। प्रतिदिन इसका इस्तेमाल करें और अपनी परेशानी से राहत पाएं। अगर आपके फ्रिज में दही रखा है तो उसके इस्तेमाल से भी आपके चेहरे को राहत मिलेगी। इसके लिए फ्रिज से दही निकालकर उसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें। दस मिनट इसे ऐसे ही रहने दें ।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग

महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

### दो रंग की चूड़ियों को मिक्स -मैच करें

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

**टिप्स:** हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।



### हरे रंग की चूड़ियों को इस तरह करें सेट

हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

**टिप्स_** कांच की चूड़ियों के साथ लाख के कड़े को भी आप सेट कर सकती हैं। अगर आपको मोती वर्क पसंद है तो बाजार से मोती वर्क वाले कड़े खरीद लें और हरे रंग की चूड़ियों के साथ पहनें। आप कुंदन वर्क वाले कड़ों या फिर चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की चूड़ियां पहन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### इस मौसम में शॉपिंग करें लेकिन रखें खुद का खयाल

## गर्मियों के लिए शॉपिंग करने जा रहे हैं तो इन बातों का ध्यान रखें



मई का महीना है और गर्मी की वजह से लोगों की हालत खराब है। कई जगहों पर पारा 42 डिग्री तक पार कर गया है। इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों ने दिन के समय घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। डॉक्टर्स इस मौसम में हमेशा हल्के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं।

यदि आप भी समर शॉपिंग के लिए जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। क्योंकि यदि आप गलत कपड़े पहनकर इस भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलेंगे तो इससे स्किन संबंधी परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में अपने लिए कुछ बातों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करें, ताकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट दिखे और आपको कोई परेशानी भी न हो।

### सही फैब्रिक हो

यदि आप शॉपिंग करने जा रहे हैं तो ये बात ध्यान रखें कि इस मौसम में हमेशा हल्के फैब्रिक वाले कपड़े ही कैरी करने चाहिए। इनमें कॉटन, लिनन, खादी जैसे फैब्रिक शामिल हैं। ये पसीना जल्दी सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। इस दौरान नायलॉन, पॉलिएस्टर जैसे कपड़े तो कतई न खरीदें। ये पसीना नहीं सोखते हैं, जिस कारण स्किन पर घमौरियां होने लगती हैं।

### सही हो रंग

गर्मी के मौसम में हल्के रंगों का ही चयन करें, क्योंकि ये रंग ठंडक का एहसास कराते हैं। खासतौर पर सफेद, बेबी पिंक, पेस्टल ब्लू, लाइट येलो जैसे रंग गर्मी के मौसम में सबसे परफेक्ट माने जाते हैं। जो डार्क रंग होते हैं, उन्हें पहनकर गर्मी ज्यादा लगती है, इसलिए इनसे दूर रहें।

### सही फिटिंग हो जरूरी

इस मौसम में गलती से भी ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। कपड़े पहनते समय इसकी फिटिंग चेक करें, कि कहीं ये टाइट तो नहीं है। इस मौसम में हमेशा लूज और फ्लोई आउटफिट्स में आराम मिलता है। ये त्वचा को सांस लेने का मौका प्रदान करते हैं।

### फुल हो स्लीव

आप कितना भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लें, लेकिन धूप की हानिकारक किरणें त्वचा को डैमेज कर ही देती हैं। इसलिए कोशिश करें कि जो भी कपड़े खरीदें, वो फुल स्लीव के ही हों।

### ऐसे होने चाहिए फुटवियर

गर्मियों के मौसम में जूते पहनने से बचें। इस सीजन में सैंडल, स्लिपर्स, क्रॉक्स जैसे ओपन फुटवियर पहनना बेहतर होता है। जो फुटवियर खुले होते हैं, उनकी वजह से पैरों को हवा मिलती रहती है।

